माघ शुक्ल पक्ष-8, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 242 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
16 फरवरी 2024 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**

28 अधिकतम

15 न्यूनतम



Page- 7

## रात दो बजे तक...

# किसान-सरकार संवाद बेनतीजा, बंद के आव्हान से कई जगह अफरातफरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

पंजाब से दिल्ली कूच कर रहे किसानों के जत्थे को चार दिन से हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने रोक रखा है। वहीं संयुक्त किसान मोर्चा ने आज 'भारत बंद' बुलाया है। इस देशव्यापी बंद में देश की सभी किसान यूनियनों के साथ ट्रक और ट्रेड यूनियन भी किसानों का समर्थन कर रही हैं। पंजाब से लेकर हरियाणा और दिल्ली से लेकर यूपी तक हाईअलर्ट है। हालांकि, इस बंद को टालने के लिए केंद्र



सरकार ने किसान संगठनों से गुरुवार रात बातचीत की, जो देर रात दो बजे तक चली, लेकिन बेनतीजा रही। इस बीच दिल्ली के सभी बॉर्डर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। किसानों के भारत बंद के चलते कपूरथला में लगभग सभी बाजार बंद नजर आ रहे हैं. पंजाब के जालंधर में भारत बंद का मिला जुला असर है.। किसानों ने हाईवे बंद करने की बात कही है। किसान संगठनों के भारत बंद के बीच दिल्ली की सीमाओं पर जाम ही जाम नजर आ रहा है। इस दौरान गाजीपुर बॉर्डर पर भी कई किलोमीटर तक गाड़ियों की लाइनें देखी गई हैं. बड़े-बड़े वाहनों समेत कार, ऑटो और बाइकें भी एकदम रेंग-रेंगकर चलती नजर आ रही हैं।

# दिल्ली की पेंट फैक्ट्री में आग से 11 जिंदा जले, आसपास के लोग भी बेहोश हुए

**नई दिल्ली।** राजधानी के अलीपुर मार्केट में एक पेंट फैक्ट्री में बीती रात भीषण आग से बड़ी जनहानि हुई है। इसमें 11 जले हुए शव मिले हैं जिनकी शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं। बेहद संकरे इलाके में स्थित इस पेंट फैक्ट्री में हादसे के वक्त कई मजदूर काम कर रहे थे जो आग लगने के बाद बाहर नहीं निकल पाए। आग इतनी भयानक थी कि लपटें दूर तक नज़र आ रही थीं। आग लगते ही पूरे इलाके में अफरा तफरी मच गयी। आसपास की दुकानें और कुछ घर भी आग की



चपेट में आए हैं। अभी तक आशंका है कि मजदूरों के अलावा भी कुछ लोग मारे गए हैं। आज सुबह बमुश्किल दमकल की 22 टीमों ने आग पर काबू पाया।


बताया जाता है कि फायर ब्रिगेड आने से पहले आग इतना विकराल रुप अख्तियार कर चुकी थी कि अलीपुर के बाजार से भी आग की ऊंची लपटें देखी गई। आग के बाद धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर देखा जा सकता था। घटना के बाद आसपास के घरों में धुआं भरने से लोग बेहोश हो गए। पास की बिल्डिंग से 3 घायलों को भी एलएनजेपी अस्पताल रेफर किया गया है। अलीपुर के साथ-साथ केशव नगर और इब्राहिमपुर में भी कई केमिकल गोदाम बने है।

**संभागीय समीक्षा बैठक**

# नर्मदा पूजन व नर्मदापुरम की नब्ज टटोलने निकले मुख्यमंत्री

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज नर्मदा जयंती के मौके पर अमरकंटक व नर्मदापुर में नर्मदा पूजन के लिये निकले हैं। वे जबलपुर होते हुए अनूपपुर जिले के अमरकंटक सुबह पहुंचे। वे मां नर्मदा मंदिर में पूजा अर्चना, महायज्ञ और महा आरती में शामिल होने के बाद यहां सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का लोकार्पण कर रहे हैं। इसके बाद वे शाम करीब चार बजे नर्मदापुरम पहुंचेंगे और यहां स्वागत रैली में



शामिल होंगे। इस रैली के बाद वे शाम को नर्मदापुरम की संभागीय समीक्षा बैठक लेंगे इसमें कानून एवं व्यवस्था एवं विकास संबंधी कार्यों के बारे में अफसरों से फीडबैक लिया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री का नर्मदापुर के सेठानी घाट पर मां नर्मदा जंयती महोत्सव, महाआरती में शामिल होने और इसी मौके पर वर्चुअली विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन करने का कार्यक्रम है।

# सांसद प्रज्ञा को फ्लाइट में नुकसान पहुंचाने की कोशिश

**सिंधिया से शिकायत**

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** मप्र की भोपाल से



भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा को आकासा एयर की फ्लाइट में नुकसान पहुंचाने की कोशिश का मामला सामने आया है। प्रज्ञा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। सांसद ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मुंबई से दिल्ली के लिए उड़ने वाली आकासा एयर की फ्लाइट संख्या क्यूपी 1120 से दिल्ली आने पर ड्यूटी मैनेजर इमरान और उसके साथियों ने षड्यंत्र कर मुझे बड़ी हानि पहुंचाने का प्रयास किया। अपेक्षा करती हूं आप कार्रवाई अवश्य करेंगे।' हालांकि, साध्वी प्रज्ञा ने अपने पोस्ट में यह नहीं बताया है कि फ्लाइट में किस तरह उनके साथ कैसा व्यवहार किया गया।

# मणिपुर में फिर हिंसा, कलेक्टर आवास जलाया, दो की मौत

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के चुराचांदपुर में देर एक बार फिर हिंसा भड़क गई। उग्र भीड़ ने पुलिस अधीक्षक और जिला कलेक्टर कार्यालयों पर धावा बोल दिया। सुरक्षा बलों ने भीड़ को काबू करने के लिए फायरिंग की, जिसमें कम से कम दो लोग मारे गए और 42 लोग घायल हो गए। हिंसा के ताजा मामलों के बाद राज्य सरकार ने कुकी-बाहुल्य चुराचांदपुर जिले में इंटरनेट सेवा पांच दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों के मुताबिक भीड़ ने मिनी सचिवालय के नाम से जाने जाने वाले कॉम्प्लेक्स के पास खड़े सुरक्षा बलों के वाहनों के साथ-साथ कलेक्टर



के आवास को भी जला दिया गया। चुराचांदपुर में इंटरनेट सेवाओं पर रोक लगा दी गई है। मणिपुर पुलिस ने ताजा हिंसा में मारे गए लोगों की संख्या पर टिप्पणी नहीं की है। चुराचांदपुर जिला अस्पताल के एक अधिकारी ने कहा कि दो लोगों की मौत गोली लगने से हुई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।

## पार्टी ने आयकर ट्रिब्यूनल में की अपील तो मिली 5 दिन की मोहलत

# चुनाव के पहले कांग्रेस के सभी खाते फ्रीज, 210 करोड़ रुपए का तगादा



### पार्टी ने कहा- देश में डेमोक्रेसी फ्रीज

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

सरकार ने चुनाव से पहले कांग्रेस के सभी बैंक खाते फ्रीज कर दिये हैं। आयकर विभाग ने पार्टी से 210 करोड़ रुपए की रिकवरी मांगी है। इसके चलते पार्टी अब कर्मचारियों को वेतन देने व बिलों का भुगतान करने में अक्षम हो गई है। आज कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि कांग्रेस और यूथ कांग्रेस के अकाउंट फ्रीज कर दिए गए हैं। पार्टी नेता अजय माकन ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह कहा कि अकाउंट फ्रीज होने के कारण ना तो सैलरी देने का पैसा पार्टी के पास है और ना ही बिल के भुगतान हो पा रहे हैं। माकन ने कहा कि हमारे देश पर तालाबंदी हो गई तथा देश में डेमोक्रेसी फ्रीज हो गई है। चुनाव की तारीखों के ऐलान के लिए इस बीच यह कदम उठाकर सरकार क्या साबित करना चाहती है।' हालांकि खबर है कि कांग्रेस की अपील पर टिब्यूनल ने खातों पर रोक हटा दी है। पार्टी नेता विवेक तन्खा ने कहा कि अदालत ने मेरी बात सुनी, हमने कहा कि हमारे पास सबूत हैं और हमें असंगत रूप से दंडित नहीं किया जा सकता।

इससे पहले कांग्रेस ने कहा कि वर्ष 208-19 के इनकम टैक्स फाइलिंग को आधार बनाकर करोड़ों रुपए मांगे जा रहे हैं।कांग्रेस अपने मेंबरशिप ड्राइव के जरिए यूथ कांग्रेस से पैसा इकट्ठा करती है और वो भी फ्रीज कर दिए गए हैं। माकन ने कहा कि पार्टी को रिटर्न फाइल करने में देर हो गई थी, लेकिन 45 दिन का टाइम दिया गया था। इसका मतलब यह नहीं है कि खाता ही फ्रीज कर दिया जाए।

# राहुल की गाड़ी का स्टीयरिंग तेजस्वी ने संभाला शाम को अखिलेश व प्रियंका भी होंगे सवार




**न्याय यात्रा महत्वपूर्ण चरण में**

**सासाराम एजेंसी।** राहुल गांधी की न्याय यात्रा आज उप्र पहुंच रही है। जहां राहुल की यात्रा में सपा चीफ अखिलेश यादव व कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी शामिल होंगे। इससे पहले तेजस्वी यादव आज सुबह बिहार में राहुल की यात्रा में शामिल हुए। तेजस्वी के हाथ में राहुल की जीप की स्टियरिंग थी,गाड़ी में राहुल साथ में बैठे। तेजस्वी के राहुल के सारथी बनने के कई राजनीतिक संकेत भी हैं। गठबंधन के हजारों कार्यकर्ता और समर्थकों साथ तेजस्वी यादव लाल रंग की चार पहिया के पीछे दौड रहे थे। इस गाड़ी के पीछे की सीट पर कांग्रेस की नेता मीरा कुमार भी नजर आई।

दरअसल आज राहुल की ÷भारत जोड़ो न्याय यात्रा÷ रोहतास (सासाराम) पहुंची है। इससे पहले औरंगाबाद की जनसभा में इंडिया गठबंधन के सहयोगी राजद और वामदल के बड़े नेता नहीं शामिल हुए थे। न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि आज भारत जोड़ो न्याय यात्रा का 34वां दिन है। राहुल आज रोहतास में किसान नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। दोपहर करीब ढाई बजे वे और तेजस्वी कैमूर में एक सभा को संबोधित करेंगे और शाम करीब 5 बजे यात्रा उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी।

**इलेक्टोरल बांड पर फैसले के बाद...!**

उल्लेखनीय है कि कल ही सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड की वैधता को असंवैधानिक बताते हुए उसे रद्द कर दिया था। इसे सबसे ज्यादा चंदा पाने वाली भाजपा के लिये औचक माना जा रहा है। अदालत इलेक्टोरल बॉन्ड की खरीद पर रोक लगाते हुए एसबीआई से कहा था कि वह चुनाव आयोग को बॉन्ड का पूरा ब्योरा मुहैया कराए।

**मेट्रो एंकर**

## एफएसएल रिपोर्ट से चौंकाने वाला खुलासा; कसेगा शिकंजा

# रेव पार्टी में इस्तेमाल होता था सांपों का जहर

**नोएडा, एजेंसी।**

बिग बॉस विजेता एल्विश यादव के मामले में फोरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) रिपोर्ट आ गई है। इसमें सपेरों से बरामद विष सांप के होने की पुष्टि हुई। जयपुर की लैब की ओर से नोएडा पुलिस को भेजी गई रिपोर्ट में सपेरों से बरामद जहर करैत प्रजाति के सांपों के होने की बात कही गई है। अहम है कि बीते वर्ष 1 नवंबर को नोएडा पुलिस ने पीपुल्स फॉर एनिमल संस्था की शिकायत पर पांच सपेरों को विष के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में बिग बॉस विजेता एल्विश यादव को भी नामजद किया गया था।

मामले में एल्विश के ही माध्यम से सांपों के जहर को रेव पार्टी में सप्लाई करने के आरोप लगाए गए थे। मामले में पुलिस ने एल्विश यादव से भी पूछताछ की थी लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई थी। सपेरों से बरामद विष को जयपुर स्थित एफएसएल भेजा गया था। करीब तीन माह बाद इसकी रिपोर्ट आई है। इसमें विष को सांपों का जहर बताया गया है। बताया जा रहा है कि जयपुर एफएसएल की रिपोर्ट नोएडा पुलिस को मिल गई है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। इस मामले में कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था लेकिन बाद में इसे कोतवाली सेक्टर-20 ट्रांसफरकर दिया गया था। इस मामले में 100 दिन के बाद भी पुलिस एल्विश यादव से ना दोबारा पूछताछ कर पाई नहीं।



### ऐसे हुआ सांप वाली पार्टी का खुलासा

सांसद मेनका गांधी द्वारा संचालित संस्था पीपुल्स फार एनिमल (पीएफए) में एनिमल वेलफेयर में ऑफिसर के पद पर कार्यरत गौरव गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उन्होंने एक ग्राहक बनकर यूट्यूबर एल्विश यादव को फोन कर रेव पार्टी आयोजित कराने की बात की और सांप का बंदोबस्त करने में मदद मांगी थी।

### राहुल ने खोल दिया था एल्विश का राज

पुलिस को दी शिकायत में पीएफए के ऑफिसर गौरव गुप्ता ने पुलिस को बताया कि एल्विश यादव नोएडा-एनसीआर के फार्म हाउसों में अन्य यूट्यूबर सदस्यों के साथ मिलकर स्नेक वेनम व जिंदा सांपों के साथ पूर्व में भी वीडियो शूट कराते हैं। यही नहीं गैर कानूनी रूप से रेव पार्टियों को आयोजित कराते हैं। जिनमें विदेशी युवतियों को बुलाकर स्नेक वेनम व नशीले पदार्थों का सेवन कराया जाता है। ये सारी जानकारी एजेंट राहुल से बातचीत के दौरान मिली है।

# अंततः मप्र कांग्रेस का इलेक्शन वॉर रूम शुरू



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र कांग्रेस मुख्यालय में आज आखिरकार लोकसभा चुनाव के लिये बने वॉर रूम की शुरुआत हो गई। इसका गठन तीन सप्ताह पहले हुआ था। प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी और वार रूम के चेयरमैन महेंद्र सिंह चौहान इस मौके पर मौजूद थे। यह वार रूम हर राज्य खोले गये हैं तथा कांग्रेस हाइकमान के सेंट्रल वार रूम से कनेक्ट है और इसके काम पर नजर रखने एआईसीसी ने भी एक-एक पर्यवेक्षक हर राज्य में तैनात किया है। यह वार रूम कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्टों,जिला व ब्लाक स्तर तक पदाधिकारियों और प्रत्याशियों से समन्वय व रणनीतिक मुद्दों पर काम करेगा तथा सभी सीटों का डेटा आदि भी रखेगा।

# सुबह 6 बजे गिद्धों की गिनती करने निकले वनकर्मी, हजारों गिद्धों की मौजूदगी मिली

## शनिवार व रविवार को भी होगी गिनती

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पर्यावरण के स्वच्छता कर्मी कहे जाने वाले गिद्धों की गिनती पहले दिन शुक्रवार सुबह 6 बजे से शुरू की गई, जो सुबह 8 बजे तक चली। प्रदेश के टाइगर रिजर्वों व सामान्य वन मंडलों के में हजारों गिद्ध देखे गए।

यह गणना शनिवार व रविवार को भी की जाएगी। तीनों दिन गिने जाने वाले गिद्धों के प्राप्त साक्ष्यों का अध्ययन किया जाएगा। इसके आधार पर संख्या तय होगी। हालांकि इस वर्ष दो बार गणना होनी, शुक्रवार से शुरू हुई गणना



फाइल फोटो

पहले चरण की है, दूसरा चरण अप्रैल में होना है। उल्लेखनीय है कि मप्र में 9 हजार से अधिक गिद्ध है, इनकी संख्या बढ़ाने पर लगातार जोर दिया जा रहा है। इन्हें मांस की उपलब्धता होती रहे, इसके लिए वल्चर रेस्टोरेंट भी बनाने पर विचार चल रहा है। केंद्र ने राज्यों को बड़ी राशि भी दी है,जिसके जरिए इनके संरक्षण का काम तेज हो गया है। वन्यप्राणी विशेषज्ञों के मुताबिक गिद्ध खाद् जाल का हिस्सा है और सड़े-गले मांस को खाकर पर्यावरण को साफ रखने में अहम भूमिका निभाता है।

### ऐसे गिने जा रहे गिद्ध

जिन रिजर्वों व सामान्य वन क्षेत्रों में गिद्धों की मौजूदगी है वहां वन अमला पैदल गश्त करके गिनती कर रहा है। इनके हाथों में पूर्व से तय प्रारूप प्रपत्र दिए गए हैं, जिसमें ये गिद्धों की मौजूदगी से जुड़े साक्ष्यों की जानकारी भर रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक जो गिद्ध बैठे हुए मिलते हैं, उन्हें ही गणना में शामिल किया जा रहा है। उड़ते हुए गिद्धों को शामिल नहीं किया जा रहा है। गणना के लिए कैमरे उपयोग में लाए जा रहे हैं।

---

**सरकार ने दिए समूह-2 व उप समूह-4 के तहत संयुक्त पटवारी भर्ती परीक्षा में नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने के आदेश**

# पटवारी समेत अन्य विभागों में नियुक्तियों का रास्ता साफ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**राजस्व विभाग में पटवारी समेत अन्य विभागों में तृतीय श्रेणी व चतुर्वेदी के हजारों पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। सरकार ने दिए समूह-2 व उप समूह-4 व पटवारी संयुक्त भर्ती परीक्षा के परिणाम आने के बाद नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक संबंधी आदेश को निरस्त करते हुए रोक हटा दी है। यह रोक उक्त परीक्षा में बड़े स्तर पर गड़बड़ी के आरोपों के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लगाई थी। जिस मौजूदा सरकार ने गुरुवार को हटा लिया है।**

उल्लेखनीय है कि राजस्व विभाग में पटवारी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारिता, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, नगरीय विकास एवं आवास, वन, पशु पालन एवं डेयरी समेत अन्य विभगों में समूह-2 व उप समूह-4 एवं पटवारी के पदों के लिए संयुक्त भर्ती परीक्षा 15 मार्च से 25 अप्रैल 2023 तक हुई थी। इसके परिणाम 30 जून 2023 को घोषित किए थे। परीक्षा में करीब 13 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इनमें से करीब 8 हजार से अधिक अभ्यर्थियों का चयन पटवारी पद के लिए और अन्य का विभिन्न विभागों में अलग-अलग पदों के लिए हुआ था।

**पटवारी समेत विभिन्न पदों के लिए हुई भर्ती परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद लगे थे गड़बड़ी के आरोप**

## ये लगे थे आरोप, जिसके बाद नियुक्ति पर रोक



आरोप था कि टॉपर 10 में से 7 अभ्यर्थी ग्वालियर के एनआरआई कॉलेज के एक ही परीक्षा केंद्र में परीक्षा देने वाले हैं। 10 जून 2023 को टॉपरों की सूची जारी की गई। तब पता चला कि टॉप 10 में से 7 अभ्यर्थियों ने ग्वालियर के एनआरआई कॉलेज में बनाए परीक्षा केंद्र में परीक्षा दी थी। जब मामला गहरा गया तो इंदौर से युवाओं के बड़े विरोध प्रदर्शन की शुरुआत हुई थी। राजधानी की सडकों पर भी युवा जुटे थे। कांग्रेस पार्टी के नेताओं की ओर से भी व्यापमं जैसे घोटाले के आरोप लगाए थे और सीबीआई जांच की मांग की गई थी। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नियुक्ति पर रोक लगाते हुए जांच के निर्देश दिए थे। समिति ने जनवरी 2024 में रिपोर्ट पेश की थी जिसमें किसी तरह की गड़बड़ी नहीं होने की बात कही गई है। हालांकि गुरुवार को नियुक्ति प्र्क्रिया शुरू करने के आदेश के बाद भी कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने जांच के नाम पर खानापूर्ति की बात कही है। उनका कहना है कि व्यापमं 1 एवं व्यापमं 2 की तरह ही पटवारी भर्ती घोटाला हुआ था। उन्होंने दोहराया कि पटवारी भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच होना चाहिए।

---

## आम के पेड़ों पर आए बोर



भोपाल। वसंत ऋतु के शुरू होते ही आमों में आया बोर।

# एमपी बोर्ड: आज 12वीं का बायोलॉजी का पेपर, कड़ी जांच के बाद मिला प्रवेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की कक्षा बारहवीं का शुक्रवार को बायलॉजी का पेपर हुआ। परीक्षा केंद्रो पर विद्यार्थी करीब एक घंटे पहले पहुंचे, जहां कड़ी जांच के बाद उन्हे प्रवेश दिया गया। परीक्षा का सय सुबह 9 बजे दोपहर 12 बजे रहा। राजधानी भोपाल के 106 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। वहीं गुरूवार को दसवीं का गुरुवार को मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिंधी विषय का पेपर हुआ। मूक बधिर तथा दृष्टिहीन छात्रों के लिए पेंटिंग, गायन वादन, तबला पखावज, कम्प्यूटर का पेपर हुआ। वहीं बारहवीं का जैव प्रौद्योगिकी, गायन वादन, तबला पखावज का पेपर हुआ। इस दौरान प्रदेशभर में कही भी नकर प्रकरण दर्ज नहीं किया गया। बता दें कि दोनों परीक्षाएं में प्रदेशभर से करीब 16.80 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। हाईस्कूल परीक्षा के लिए प्रदेश में 3,866 एवं हायर सेकेंडरी के लिए 3,637 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### सीबीएसई 10वीं 12वीं की परीक्षाएं हुई शुरू

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं गुरूवार से शुरू हो गई हैं। हालांकि मुख्य विषयों की परीक्षाएं 19 फरवरी से शुरू होंगी। गुरूवार से कक्षा 10 की परीक्षा पेंटिंग, गुरुंग, राय, तमांग और शेरपा विषयों के साथ शुरू हुई। कक्षा 12 की परीक्षाएं उद्यमिता और कोकबोरोक पेपर के साथ शुरू हुईं। इसके बाद कैपिटल मार्केट ऑपरेशन और फिजिकल एक्टिविटी ट्रेनर पेपर हुए। परीक्षा का समय सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे रहा। हालांकि, कुछ परीक्षाएं सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित हुई।

### 2 अप्रैल तक चलेंगी परीक्षाएं

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 13 मार्च 2024 तक और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 2 अप्रैल 2024 तक आयोजित की जाएंगी। राजधानी भोपाल में इन परीक्षाओं के लिए 40 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

---

# 24 को जिला न्यायालय व राजस्व न्यायालयों में लगेंगी अदालत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जिला न्यायालय भोपाल एवं राजस्व न्यायालयों में 24 फरवरी को समाधान आपके द्वार योजना अंतर्गत लोक अदालत शिविर का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत शिविर के माध्यम से समाधान आपके द्वारा योजना अनुरूप न्यायालयों के सिविल एवं आपराधिक प्रकरण तथा राजस्व न्यायालयों में लंबित तथा पूर्ववाद प्रकरणों का निराकरण सुलह समझौते के द्वारा किया जाएगा। इसके अंतर्गत विद्युत, राजस्व, नगरीय निकाय, वन विभाग, एवं न्यायालयों में लंबित आपराधिक एवं दीवानी प्रकरणों सहित आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, गैस कनेक्शन, सी.एम. हेल्पलाईन, समग्र आई.डी. आदि प्रकरणों का निराकरण भी किया जाएगा।

### कर्मचारियों एवं सभी विभागों के नोडल अधिकारियों की हुई बैठक

समाधान शिविर के सफल आयोजन के लिए गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायालय के सभाकक्ष में बैठक हुई। इसके साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर समाधान शिविर में उनकी भूमिका के बारे में अवगत कराते हुए समाधान शिविर के माध्यम से आमजन की समस्याओं का निराकरण कराए जाने के लिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर समाधान शिविर को सफल बनाने के लिए समुचित प्रयास किए जाने के लिए निर्देशित किया।

## नर्मदा जयंती



भोपाल। शीतलदास की बगिया में नर्मदा जयंती पर हुआ पूजापाठ।

---

**मेट्रो एंकर** | **केजी से कक्षा 12वीं तक सबके लिये शिक्षा योजना**

# पतंजलि संस्कृत संस्थान की वेबसाइट पर 550 प्राचीन पुस्तकें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान की वेबसाइट पर संस्कृत विषय से जुड़ी हुई 550 प्राचीन पुस्तकों को अपलोड किया गया है। एल केजी से कक्षा 12वीं तक सबके लिये शिक्षा योजना के क्रियान्वयन के लिये लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल बोर्ड एवं महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के मध्य अनुबंध किया जा चुका है। सबके लिये शिक्षा योजना में चिन्हित किये प्रदेश के 52 जिलों के चयनित 9 जिलों के सरकारी स्कूल में अरूण एवं उदय की संस्कृत की कक्षाएं प्रारंभ की जा चुकी है।

इस वेबसाइट में संस्थान से जुड़ी जानकारी के अलावा शासकीय जीवाजी वेधशाला उज्जैन और शासकीय योग प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल की जानकारियों को भी समाहित किया गया है।



फाइल फोटो

### प्राच्य संस्कृत विषयों की 22 पाठ्यपुस्तकें

इस वेबसाइट पर ब्लू प्रिंट, प्रश्न बैंक, आदर्श उत्तर पाठ्य सामग्री, संस्थान का नवीन पाठ्यक्रम, संस्कृत भाषा में एलकेजी-अरूण, यूकेजी-उदय और कक्षा 1 की पाठ्य पुस्तकें अपलोड की गयी है। इसके साथ ही नवीन पाठ्यक्रम अनुसार गुजरात राज्य शाला पाठ्यपुस्तक मंडल से प्राप्त कक्षा 9वीं से 12वीं तक की प्राच्य संस्कृत विषयों की 22 पाठ्यपुस्तकें तथा संस्कृत प्रबोधनी की पुस्तक को स्कैन किया जाकर अपलोड किया गया है। कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं तीन संदर्भ पुस्तकों के प्रायोगिक संस्करण पब्लिक डोमेन पर उपलब्ध कराये गये है।

---

**एनआईटीटीटीआर में ग्लोबल समिट, 14 देशों के प्रतिभागी हुए शामिल**

# हमारे यहां शिक्षा में संवेदनशीलता किसी स्तर पर भेदभाव नहीं: त्रिपाठी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) में गुरुवार को ग्लोबल समिट का आयोजन किया गया। इस समिट में बुल्गारिया, लेबनॉन, इथियोपिया, मोरक्को, इंडोनेशिया, बोत्सवाना, भूटान, ताजिकिस्तान, कजाकिस्तान, चिली, मॉरीशस दक्षिण सूडान सहित 14 देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

संस्थान के निदेशक प्रो. सी.सी. त्रिपाठी ने कहा की भारत में शिक्षा को लेकर सरकार बहुत संवेदनशील है एवं हमारे यहां शिक्षा में किसी भी स्तर पर भेदभाव नहीं होता। भारत सरकार बालिका शिक्षा, दिव्यांग शिक्षा तथा आर्थिक रूप से कमजोर , वर्ग समुदाय से ऊपर उठकर सभी लोगों के लिए सामान शिक्षा देने हेतु सदैव प्रयासरत हैं। विभिन्न देशों के प्रतिभागियों ने अपने-अपने देशों की शिक्षा प्रणाली तथा समावेशी शिक्षा के लिए उनकी सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों पर प्रेजेंटेशन देते हुए विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. रोली प्रधान थी। कार्यक्रम में डॉ. आर के दीक्षित, डॉ. आशीष देशपांडे, डॉ. पराग दुबे, डॉ. आर पी खम्बायत, डॉ. पी के पुरोहित एवं अन्य संकाय एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# मध्यप्रदेश के जीवन का आधार सदानीरा मां नर्मदा को

# कृतज्ञ मध्यप्रदेश का कोटि-कोटि नमन

मध्यप्रदेश के विकास की वाहिनी, कण-कण जीवन को पोषित करती जीवनदायिनी नदी है नर्मदा। प्रदेश का कोई क्षेत्र, वर्ग, जीव ऐसा नहीं, जिसे मां नर्मदा ने उपकृत न किया हो। हमारी जीवन रेखा मां नर्मदा के पावन नैसर्गिक स्वरुप को अक्षुण्ण रखते हुए इसके जल के समुचित प्रबंधन एवं उपयोग से प्रदेश के विकास को गति देने के लिए मध्यप्रदेश सरकार पूर्ण रुप से समर्पित है।

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



## नर्मदा जयंती महोत्सव

16 फरवरी, 2024



### नर्मदा संरक्षण एवं अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

पूर्वाह्न 11:30 बजे
मां नर्मदा मंदिर, अमरकंटक

### विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

सायं 4:30 बजे
सेठानी घाट, नर्मदापुरम

मुख्यमंत्री
## डॉ. मोहन यादव
द्वारा

D-1205/23

### हमारी प्रगति की संवाहक मां नर्मदा

- "नमामि देवि नर्मदे" प्रोजेक्ट के अंतर्गत हो रहा मां नर्मदा के 17 घाटों का विकास एवं कायाकल्प
- नर्मदा के जल से 13 जिलों में 21 परियोजनाओं से 9.36 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई, आने वाले 5 वर्षों में 15 लाख हेक्टेयर में सिंचाई के विस्तार की योजना
- इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर, सरदार सरोवर एवं बरगी बांधों से 2,436 मेगावॉट जल विद्युत ऊर्जा का उत्पादन
- ओंकारेश्वर में 600 मेगावॉट की फ्लोटिंग सोलर पावर परियोजना ले रही आकार

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

मध्यप्रदेश शासन

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

## सुविचार

जीवन आपके लिए अवसरों को खोलता है, और आप या तो उन्हें भुना लेते हैं या आप उन्हें लेने से डरते हैं।

-अज्ञात

## संपादकीय

# सरकार का आर्थिक प्रबंधन

केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में प्रस्तुत श्वेत पत्र तथा कांग्रेस द्वारा लाए गए ब्लैक पैपर की चर्चा है। इन दोनों के बीच भारतीय बाजार की हालत भी चर्चा में आ रही है। जो कभी बूम पर रहता है तो कभी गोता लगा जाता है। जहां तक श्वेत पत्र की बात है तो इसमें मौजूदा सरकार के दस वर्षों में देश का आर्थिक प्रदर्शन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के दस वर्षों की तुलना में बेहतर नजर आता है। कोई दो राय नहीं है कि हालात सुधरे हैं लेकिन सरकारी ऋण और आम सरकारी घाटा ऊंचे स्तर पर बना हुआ है। राजकोषीय घाटे की बात करें तो 23-24 में सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में इसका संशोधित अनुमान 5.8 के स्तर पर रहा जबकि 2013-14 में यह 4.4 के स्तर पर था। ऐसा मोटे तौर पर इसलिए हुआ कि कोविड ने कई तरह की बाधाएं पैदा की। एक तथ्य यह भी है कि यूपीए सरकार को भी 08 के वैश्विक वित्तीय संकट से जूझना पड़ा था जिसकी वजह से राजकोषीय घाटे में काफी इजाफा हुआ था। सरकारी वित्त के प्रबंधन के तरीकों में दो गुणात्मक भेद हैं। पहला, रिपोर्टिंग की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, खासतौर पर महामारी के बाद और केंद्रीय बजट वास्तविक व्यय को दर्शा रहा है। कुछ वर्ष पहले तक सरकार बजट से इतर उधारियों की मदद से अपने व्यय की भरपाई करती थी। दूसरा, व्यय की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। केंद्र सरकार का पूंजीगत व्यय 24-25 में जीडीपी के 3.4 फीसदी के स्तर पर है। इससे न केवल अर्थव्यवस्था को मदद मिलेगी बल्कि सरकार को भी समय के साथ व्यय को सीमित करने का अवसर भी मिलेगा। एक बार निजी निवेश के गति पकड़ने के बाद सरकार पूंजीगत व्यय कम कर सकती है और अपनी वित्तीय स्थिति मजबूत करने पर विचार कर सकती है। पूंजीगत व्यय की बात करें तो 2023-24 में यह कुल व्यय का 28 फीसदी था जबकि 2013-14 में यह उसका केवल 16 फीसदी था। इस बीच सरकार का राजस्व व्यय यूपीए की तुलना में धीमी गति से बड़ा है। ऐसा आंशिक तौर पर इसलिए है कि प्रबंधन प्रभावी हुआ है और सब्सिडी को बेहतर ढंग से लक्षित किया गया है। व्यापक स्तर पर देखें तो यह बात भी ध्यान देने लायक है कि बाहरी मोर्चे पर रिजर्व बैंक के प्रबंधन ने सरकार के लिए नीतिगत गुंजाइश सुधारी है और गंभीर वृहद आर्थिक जोखिम का खतरा कम हुआ है। मगर तमाम सकारात्मक बातों के बावजूद राजकोषीय समेकन की आवश्यकता को बढ़ाचढ़ाकर नहीं पेश किया जा सकता है। जैसे भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन के उभरते बाजार बॉन्ड सूचकांक में शामिल किया जाएगा। इस सूचकांक में 230 अरब डॉलर मूल्य की परिसंपत्तियां शामिल हैं जिसमें से 23 अरब डॉलर की राशि भारत आने की उम्मीद है। विदेशी मुद्रा की आवक में इजाफा होने से घाटे की भरपाई के लिए घरेलू बचत पर से दबाव कम हो जाएगा। इससे घरेलू स्तर पर मुद्रा की लागत में कमी आएगी लेकिन इसके लिए अधिक वित्तीय अनुशासन और कम घाटे की जरूरत बढ़ेगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने भी गत वर्ष कहा था, सूचकांक में शामिल होना एक दोधारी तलवार है। सरकारी बॉन्ड का विदेशी स्वामित्व समय के साथ ब?गा और इसके लिए बेहतर और अनुमानयोग्य राजकोषीय प्रबंधन की जरूरत होगी। सूचकांक के भार में परिवर्तन से पूंजी बाहर भी जा सकती है। यानी रिजर्व बैंक की ओर से विदेशी मुद्रा भंडार के बेहतर प्रबंधन की आवश्यकता है,इससे अतिरिक्त मौद्रिक अस्थिरता से बचा जा सकता है।

## आज का इतिहास

- 1670 : छत्रपति शिवाजी ने मुगलों को हराकर सिंहगढ़ के किले पर परचम लहराया।
- 1843 : ब्रिटेन ने मियानी की लड़ाई जीतने के बाद पाकिस्तान के आज के सिंध प्रांत के ज्यादातर हिस्से पर कब्जा कर लिया।
- 1863: जिनेवा में अन्तरराष्ट्रीय रेडक्रॉस की स्थापना।
- 1882: सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पहला टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेला गया। ऑस्ट्रेलिया ने ये मैच पांच विकेट से जीता था।
- 1915 :महात्मा गांधी ने पहली बार शांतिनिकेतन की यात्रा की।
- 1931 : लॉर्ड इरविन ने दिल्ली के वाइसरीगल लॉज में महात्मा गांधी का पहली बार भारत की जनता के लोकप्रिय नेता के रूप में स्वागत किया।
- 1959: दुनिया के पहले वेदर सैटेलाइट वेनगार्ड-2 को अमेरिका ने लॉन्च किया।
- 1963 : बास्केटबॉल के दुनिया के महानतम खिलाड़ियों में शुमार माइकल जोर्डन का जन्म। उनके हवा में कुलांचे भरते कदमों के कारण उन्हें 'एयर जोर्डन' के नाम से पुकारा गया।1979 : वियतनाम युद्ध के बाद वियतनाम ने चीन की बजाय सोवियत संघ से अपनी नजदीकियां बढ़ाई और उसके कुछ चीन विरोधी और सोवियत समर्थक कदमों के चलते चीन ने अपने इस पड़ोसी देश पर हमला कर दिया।
- 1987: ब्रिटेन में शरण मांग रहे श्रीलंका के तमिलों के एक समूह को जब उनके देश वापस भेजने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कपड़े उतारकर विरोध प्रकट किया।
- 1996 : इंडोनेशिया में भीषण भूकंप और उसके बाद सुनामी के कारण 100 से ज्यादा की मौत, 400 से ज्यादा घायल और 50 से ज्यादा लोग लापता।
- 1997: नवाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने।
- 2004 : फूलन देवी की हत्या के मामले का मुख्य आरोपी शमशेर सिंह राणा तिहाड़ जेल से फरार हुआ।
- 2005 : बंगलादेश की विवादास्पद लेखिका तसलीमा नसरीन ने भारतीय नागरिकता का अनुरोध किया।
- 2007 : महिला उत्थान को समर्पित और वयोवृद्ध गांधीवादी कार्यकर्ता अरुणाबेन देसाई का गुजरात में निधन।

## निशाना

### आ गया पतझड़ !



- कृष्णेन्द्र राय

उन्होंने भी आखिरकार ।
कर ली अलग राह ।।
नया रोज़ बखेड़ा ।
जनमानस गवाह ।।
अपने दम पर बोल रहे ।
लड़ना हमें चुनाव ।।
एक एक कर गठबंधन पर ।
हो रहा प्रहार ।।
दरक रहा है संगठन ।
है आया भूचाल ।।
कोई रहा है झूम तो ।
किसी को मलाल ।।
हवा चली है ऐसी ।
बाग रहा उजड़ ।।
पनपने से पहले ही ।
आ गया पतझड़ ।।

# भारत के सांस्कृतिक अभ्युदय को गरिमामय विस्तार

■ लोकमित्र गौतम

**अबू धाबी में अबू मुरीखा में बना यह भव्य बीएपीएस मंदिर, भारत की उस ताकत को दर्शा रहा है, जो डॉलरों से परे है। दूसरे धर्मों के प्रति कट्टरता से अलगाव और उदासीनता का भाव रखने वाले संयुक्त अरब अमीरात में यह न सिर्फ पहला गैर-इस्लामिक पूजास्थल है बल्कि करीब 16 एकड़ में बने इस मंदिर की जमीन खुद यूएई सरकार ने उपलब्ध कराई है।**


संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में बोचासनवासी श्रीअक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) हिंदू मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वसंत पंचमी को किया। इससे पहले 22 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या के 'प्राण-प्रतिष्ठा' के भव्य कार्यक्रम में शामिल हुए थे। निस्संदेह, भारत विश्व परिदृश्य में बड़ी तेजी से एक सांस्कृतिक महाशक्ति बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री मोदी पिछले नौ सालों में अगर सातवीं बार संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर रहे तो इसके वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में खास मायने हैं। साथ ही हम दुनिया की एक स्वीकार्य सांस्कृतिक महाशक्ति भी बन रहे हैं। अबू धाबी में अबू मुरीखा में बना यह भव्य बीएपीएस मंदिर, भारत की उस ताकत को दर्शा रहा है, जो डॉलरों से परे है। दूसरे धर्मों के प्रति कट्टरता से अलगाव और उदासीनता का भाव रखने वाले संयुक्त अरब अमीरात में यह न सिर्फ पहला गैर-इस्लामिक पूजास्थल है बल्कि करीब 16 एकड़ में बने इस मंदिर की जमीन खुद यूएई सरकार ने उपलब्ध कराई है। वह भी भारत के साथ बेहतर आर्थिक और सांस्कृतिक रिश्तों को प्रदर्शित करने के लिए बिलकुल मुफ्त। यह अकारण नहीं है कि आज भारत के बाद संख्या में सबसे ज्यादा हिंदू मंदिर अमेरिका में हैं। दुनियाभर में करीब 20 लाख हिंदू मंदिर हैं, जिनमें से करीब 6.5 लाख मंदिर भारत में हैं और बाकी दुनिया के सौ से ज्यादा देशों में प्रतिष्ठित हैं। सबसे ज्यादा मंदिर देश के भीतर तमिलनाडु में हैं तो विदेश में अमेरिका नंबर एक पर है।

निस्संदेह, अतीत में भी हम एक बड़ी सांस्कृतिक ताकत रहे हैं, जिसका असर भू-राजनीतिक और कूटनीतिक दोनों में ही देखने को मिलता रहा है। भारत के पास हमेशा से दूसरों को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविध परंपराओं तथा इतिहास से प्रभावित करने की क्षमता रही है। साहित्य, संगीत, सिनेमा, योग, अध्यात्म और लाखों तरह के भोजन, व्यंजनों में भारत की महारत हमेशा से दुनिया को चकित करती रही है। जिस ग्लोबलाइजेशन को 20वीं सदी का विचार माना जाता है, उस भूमंडलीकरण की सोच और धारणा भारत में वैदिक युग से रही है। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अवधारणा भारत ने आज नहीं, 4000 साल पहले दी थी। वैश्विक ग्राम या विश्व नागरिक को लेकर दुनिया आज भी उस ऊंचाई तक नहीं सोच पाती, जिस ऊंचाई तक भारत में 4000 साल पहले सोच लिया गया था।

आजादी के बाद भारत हमेशा से अपनी विदेशनीति में सांस्कृतिक ताकत को एक महत्वपूर्ण ताकत के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। दरअसल, भारत में करीब 90 साल तक चला अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध आजादी का आंदोलन सही मायनों में एक विराट सांस्कृतिक आंदोलन ही था। वाल्मीकि रचित रामायण, कालीदास रचित महान नाट्य ग्रंथ और जनभाषा में रची गई रामचरितमानस, भारतीय साहित्य की वो थातियां हैं, जिनकी पूरी दुनिया मुरीद है। ऐसे में तब भारत की सांस्कृतिक ताकत सोने में सुहागा बन जाती है, जब पारंपरिक चिकित्सा, योग और भोजनकला में हमने असीमित विस्तार किये हों।

भारत का राजनीतिक वर्ग हमेशा से इस बात को जानता रहा है कि हम एक बड़ी सांस्कृतिक ताकत हैं, इसलिए साल 1950 में ही तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने एक मजबूत भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की स्थापना करवा दी थी। यही वजह है कि भारत विभाजन के बावजूद दुनिया में एक सांस्कृतिक महाशक्ति है, वहीं पाकिस्तान और बांग्लादेश करीब-करीब सांस्कृतिक शून्यता के दौर में हैं। जबकि दोनों ही देशों के पास दो बड़ी क्षेत्रीय संस्कृतियां थीं।

भारत आज न सिर्फ अतीत की अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का उन्मुक्त होकर प्रदर्शन कर रहा है बल्कि पूरी दुनिया लगातार हिंदुस्तान की इस दावेदारी को मान्यता दे रही है। 21 जून, 2015 को दुनियाभर में जिस तरह आधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया और साल 2014 में जिस भारी बहुमत से संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग दिवस की संकल्पना को ध्वनिमत से समर्थन दिया गया, वह नये दौर के भारत के




सांस्कृतिक अभ्युदय का गगनघोष था। भारत ने हाल के सालों में अपनी आध्यात्मिक परंपरा, योग का विस्तार किया है। करीब 600 बिलियन से भी ऊपर की योग की वैश्विक अर्थव्यवस्था में न सिर्फ भारतीयों को बहुत बड़ा लाभ हुआ है बल्कि भारत की सांस्कृतिक महत्ता और भारतीय सभ्यता के प्रति पूरी दुनिया में योग ने एक अलग तरह से सम्मान निर्मित किया है। निश्चित रूप से यह अकेले मौजूदा केंद्र सरकार की उपलब्धि नहीं है। इसमें आजादी के बाद की सभी सरकारों का बराबर का योगदान भी शामिल है। लेकिन जिस तरह से मौजूदा सरकार ने एक कल्चरल मिशन के बतौर भारतीय संस्कृति का व्यापक प्रचार प्रसार पिछले 10 सालों में किया है, वह प्रशंसनीय है।

**साभार: लेखक के अपने विचार हैं..**

# प्रदूषित हवा परागण की दुश्मन, पूरी दुनिया में उत्पादन प्रभावित

■ संजय पांडे



**कीटों द्वारा परागण किए जाने वाले पौधों में बड़ी संख्या में खेती वाले पौधे हैं। कॉफी या स्ट्रॉबेरी में तो कीड़ों द्वारा परागण की कमी से फसल को भारी नुकसान हो रहा है। इसके अलावा, वायु प्रदूषण अन्य जीवों के साथ पौधों के परस्पर रिश्ते को भी प्रभावित करता है।**

अ विश्व स्वास्थ्य संगठन के शोध में यह पाया गया है कि वायु प्रदूषण बढ़ने से मनुष्यों में हाइपरटेंशन और डायबिटीज का जोखिम बढ़ जाता है, जो दिल के दौरे और हृदयाघात की सबसे बड़ी वजह बनता जा रहा है। अब नए शोध में सामने आया है कि यह पौधों में परागण को भी बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। परागण की प्रक्रिया से आशय परागकणों का नर से मादा के अंगों में पहुंचना है। परागण पौधों के प्रजनन का एक जरूरी हिस्सा है। वायु प्रदूषण के कारण अब कीट परागण की प्रक्रिया बाधित हो रही है।

यह शोध फ्रंटियर्स इन इकोलॉजी ऐंड द एनवायरनमेंट पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। इस शोध के निष्कर्षों में कहा गया है कि वायु प्रदूषण परागणकर्ता कीटों और पौधों के लिए कई समस्याएं पैदा कर रहा है। पौधे अपने फूल आने का समय बदल रहे हैं या कीड़े फूलों की ओर आकर्षित नहीं हो रहे हैं। विभिन्न कारणों से होने वाला वायु प्रदूषण परागण प्रक्रिया को बाधित कर रहा है।

अध्ययन के अनुसार, पौधों में फूल कम आने से परागण करने वाले कीट, जैसे-मधुमक्खियां, ततैया और तितलियां फूलों का पर्याप्त रस नहीं चूस पा रही हैं। पौधों और परागण वाले जीवों का संबंध टूटने से खेती पर बुरा असर पड़ रहा है। इस वजह से दुनिया के कई हिस्सों में उत्पादन पर असर पड़ रहा है। प्रदूषित हवा परागणकों पर बुरा असर डाल रही है। यह पराग की गुणवत्ता को कम कर रही है या पौधों और कीट समुदायों की संरचना में मूलभूत परिवर्तन का कारण बन रही है। ड्यूक कहते हैं कि कीट परागण पर वायु प्रदूषकों के प्रभावों पर आगे का शोध पौधों और परागणकों के बीच परस्पर प्रभाव की पहचान करने के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह वायु प्रदूषण के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील है।

कीटों द्वारा परागण किए जाने वाले पौधों में बड़ी संख्या में खेती वाले पौधे हैं। कॉफी या स्ट्रॉबेरी में तो कीड़ों द्वारा परागण की कमी से फसल को भारी नुकसान हो रहा है। इसके अलावा, वायु प्रदूषण अन्य जीवों के साथ पौधों के परस्पर रिश्ते को भी प्रभावित करता है। ड्यूक ने बताया कि वह यह जांच करना चाहते हैं कि ओजोन प्रदूषण कीटों के एक विशिष्ट समूह के परागण और शिकार को कैसे प्रभावित करता है? खासकर, शिकारी कीट होवरफ्लाइज पर कैसा असर पड़ता है?

जीव विज्ञानी कहते हैं कि हम इस शोध के माध्यम से कीट परागण के लिए वायु प्रदूषण के खतरों और उचित सुरक्षात्मक उपाय करने के महत्व पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि ये होवरफ्लाइज बहुत दिलचस्प हैं, क्योंकि ये वयस्कों के रूप में पौधों को परागित करते हैं, लेकिन लार्वा चरण में एफिड्स को खाते हैं और इस प्रकार एफिड आबादी को कम कर सकते हैं। एफिड्स पौधे के प्रसिद्ध कीटों में से एक हैं। एफिड्स नरम शरीर वाले कीड़े हैं, जो पौधों का रस चूसते हैं। वे आम तौर पर कोमल टर्मिनल विकास के नीचे की तरफ कॉलोनियों में होते हैं। नए पौधों के लिए एफिड नियंत्रण सबसे मूल्यवान है, क्योंकि अत्यधिक रस चूस लेने से पौधे की सामान्य शक्ति प्रभावित होने की आशंका रहती है।

इसी विषय पर जर्मनी के मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर केमिकल इकोलॉजी और अमेरिका के वर्जीनिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की एक टीम ने फूलों और परागणकर्ताओं के बीच रासायनिक संचार पर ओजोन वायु प्रदूषण के प्रभाव का अध्ययन किया है। उन्होंने दिखाया कि तंबाकू के फूलों पर मंडराने वाले कीटों ने अपने पसंदीदा फूलों की ओर आकर्षित होना बंद कर दिया है, क्योंकि वायु प्रदूषण के प्रभाव से उनकी खुशबू बदल गई थी। यह ऑक्सीकरण प्रदूषक पौधे और उसके परागणकर्ता के बीच के संबंध में गड़बड़ी फैलाता है। प्रदूषण पौधे और परागणकर्ता कीट के बीच लाखों वर्षों में विकसित हुए रिश्ते में बाधा डालता है। शोधकर्ता कहते हैं कि वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए दूरगामी परिणाम हैं। ये न केवल पौधों की गंध को बदल देता है, बल्कि नर को आकर्षित करने के लिए सेक्स फेरोमोन मादा कीट को भी भ्रमित कर देते हैं। हाल के वर्षों में कीट मृत्यु दर नाटकीय ढंग से बढ़ी है और दुनिया भर के शोधकर्ता इसके कारणों की खोज कर रहे हैं।

**साभार: लेखक के अपने विचार हैं..**

# माँ नर्मदा जयंती महोत्सव पूर्ण श्रद्धा भक्तिभाव से मनाया जाएगा

## जिला प्रशासन की सभी तैयारियां पूर्ण




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी माँ नर्मदा जयंती महोत्सव 16 फरवरी को पूर्ण श्रद्धा एवं भक्तिभाव से मनाया जाएगा। सेठानी घाट पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल होंगे। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार सेठानीघाट पर नर्मदा जयंती महोत्सव मनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ की गई है। आयोजन समिति ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि नर्मदा जयंती महोत्सव माँ नर्मदा जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन 16 फरवरी को होगा। प्रातः 9.30 बजे माँ नर्मदा जन्मोत्सव, दोपहर 3 बजे से मोरछली चौक से कलश यात्रा निकाली जाएगी। सांय 5 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक जलमंच से मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा तथा रात्रि 8.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। कलेक्टर सुश्री मीना ने नर्मदा जयंती महोत्सव पर्व के दौरान सेठानीघाट सहित नर्मदा नदी के अन्य घाटो पर कानून व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है।

### सेठानी घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे आयोजित

मां नर्मदा जयंती की संध्या पर नर्मदा तट के पावन सेठानी घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें भोपाल के मथुरा प्रसाद एवं टीम द्वारा बुंदेली लोक गायन, हरीश शर्मा एवं टीम द्वारा नर्मदा केंद्रित नाटिका और आकृति मेहरा एवं टीम द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जाएगी।



**आज नर्मदा जयंती है नर्मदा जयंती की पूर्व संध्या पर विश्व प्रसिद्ध नर्मदा का सेठानी घाट जगमग रोशनी से जगमगाया हुआ है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज शाम को सेठानी घाट के मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर नर्मदा का जल अभिषेक करेंगे।**

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मां नर्मदा जयंती महोत्सव और गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे



**नर्मदापुरम।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 16 फरवरी को नर्मदापुरम के पावन सेठानी घाट पर आयोजित मां नर्मदा जयंती महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव कार्यक्रम में मां नर्मदा का विधिवत पूजा अर्चना करने के साथ ही जिले में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ यादव शाम 4ः30 बजे नर्मदापुरम के एसपीएम स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे। इसके पश्चात सर्किट हाउस पहुंचेंगे और यहां से मुख्य कार्यक्रम स्थल सेठानी घाट के लिए प्रस्थान करेंगे। शाम 6ः00 बजे मुख्यमंत्री डॉ यादव नर्मदा जयंती महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव रात्रि 8ः00 बजे सर्किट हाउस से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## नर्मदा कॉलेज के खिलाड़ियों ने लहराया राष्ट्रीय थ्रो बॉल स्पर्धा में नर्मदापुरम का परचम



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा कॉलेज के थ्रोबॉल खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग के सोमेश शर्मा और टीम ने रजत पदक हासिल किया, वहीं बालिकाओं में सिल्वी, अंकिता एवं टीम ने चौथा स्थान प्राप्त कर जिले और प्रदेश का नाम रौशन किया।कोच स्नेहा दुबे ने बताया कि प्रतियोगिता में देश से कुल 32 टीमें सम्मिलित हुईं थीं जिसमें नर्मदा पुरम गौरवान्वित हुआ।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ी समाज की अमूल्य धरोहर हैं ये युवा ही आगे चलकर देश की दशा और दिशा का निर्धारण करेंगे। खेल प्रभारी डॉ महेश मानकर,डॉ अमिता जोशी, डॉ कमल वाधवा, डॉ एस सी हर्ने, डॉ एन आर अडलक, डॉ अंजना यादव, डॉ रौशनी थापक, समस्त स्टाफ ने भी कोच स्नेहा दुबे और खिलाड़ियों को बधाई दी और उनका उत्साह वर्धन किया।

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु किसान 01 मार्च तक करा सकते हैं पंजीयन

**रायसेन।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जित करने के लिए किसानों की सुविधा के लिए निर्धारित पंजीयन प्रक्रिया अनुसार 05 फरवरी से पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं। जिले में गेहूँ उपार्जन हेतु पंजीयन के लिए 119 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। जिले के किसान भाई 01 मार्च तक शासकीय कार्य दिवसों में निर्धारित पंजीयन केन्द्रों पर जाकर पंजीयन करा सकते हैं। विगत रबी एवं खरीफ की भांति इस वर्ष भी किसान पंजीयन को भू-अभिलेख के डाटाबेस आधारित किया गया है। वन पट्टाधारी एवं सिकमी किसानों के पंजीयन सुविधा केवल समिति स्तर पर है।

किसान भाई तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, ग्राम पंचायत कार्यालय और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र, एमपी किसान एप पर किसान पंजीयन 05 फरवरी से 01 मार्च 2024 तक निःशुल्क पंजीयन कर सकते हैं। इनके अतिरिक्त एमपी ऑनलाईन, सीएससी, लोक सेवा केन्द्र, इंटरनेट कैफे पर अधिकतम 50 रू भुगतान कर पंजीयन करा सकते हैं। जिले में रबि उपार्जन वर्ष 2024-25 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु पंजीयन के लिए किसान भाईयों को भूमि संबधी दस्तावेज एवं किसान के आधार से लिंक बैंक खाते, मोबाईल नंबर एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगें।

## समाजसेवी सोनी के घर जाकर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दी अवतरण दिवस की शुभकामनाएं



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले के प्रखर समाजसेवी एवं अनेक सामाजिक संस्थाओं से जुड़े व सामाजिक समरसता राष्ट्रीय मंच के पदाधिकारी लल्ला सोनी के अवतरण दिवस पर सामाजिक समरसता राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगों ने लल्ला सोनी को शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना की।

शुभकामनाएं प्रेषित करने वालों में मंच के अध्यक्ष समाजसेवी अरुण दीक्षित भागचंद बरगले के के शर्मा आशीष तिवारी केएन त्रिपाठी असलम भारती आदिल फ़ाज़ली अकरम खान सुश्री जयबाला डॉ सुरेंद्रजीत सिंह फादर विलियम मसीह एम के तिवारी जगदीश मिश्रा रामेश्वर पटेल सत्तार खान ओ पी सैनी लखन लाल रघुवंशी ओ पी सैनी ओम प्रकाश मालवीय अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना की।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कार्यक्रम जलवायु परिवर्तन की विकट समस्या एवं मानव स्वास्थ्य विषय पर हुई चर्चा

**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

राष्ट्रीय कार्यक्रम जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य के संबंध में कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में सलामतपुर स्थित होटल संघमित्रा में स्वास्थ्य विभाग की प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर ने मीडिया के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान में जलवायु परिवर्तन एक विकट समस्या है। भिन्न-भिन्न कारणों से जलवायु परिवर्तन हो रहा है और यह प्रकृति के साथ-साथ मानव जीवन को भी बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। इस परिवर्तन से हमारा पर्यावरण एवं मौसम चक्र प्रभावित हो रहा है। बदलते मौसम और खराब पर्यावरण का दुष्प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर रूप से पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण विगत कुछ वर्षो में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, बीमारियों में वृद्धि हुई है।



कलेक्टर श्री दुबे ने मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि प्रधानमंत्री परिषद द्वारा जलवायु परिवर्तन के स्वास्थ्य पर प्रभाव का निवारण करने के लिए स्वास्थ्य मिशन को चिन्हित किया गया है। प्रधानमंत्री मौसम परिवर्तन काउंसिल द्वारा चयनित स्वास्थ्य मिशन का उद्देश्य मौसम प्रभावित बीमारियों एवं मृत्यु को कम करना है। भारत के नेशनल एक्शन प्लान फॉर क्लाइमेट चेंज एवण्ड ह्यूमन द्वारा रणनीति एवं मुख्य गतिविधियां तैयार की गई हैं। राष्ट्रीय कार्यक्रम जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य के अंतर्गत राष्ट्रीय कार्ययोजना द्वारा प्रस्तावित रणनीति अंतर्गत जलवायु अनुकूल स्वास्थ्य प्रणाली, विकसित करना, जन जागरूकता बढ़ाना हेल्थ सिस्टम को मजबूत करना मॉनिटरिंग, सर्विलेंस, सभी लेवल पर तैयारी, प्रावयेट सेक्टर के साथ पार्टनरशिप, सिविल सोसायटी एवं अन्य सरकारी विभागों के साथ समन्वय कर तैयार करना है। प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया भी उपस्थित रहीं। प्रेस वार्ता में सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री द्वारा पॉवर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से जलवायु परिवर्तन को रोकने भारत के नेशनल एक्शन प्लान फॉर क्लाइमेट चेंज एवण्ड ह्यूमन द्वारा तैयार की गई रणनीति एवं मुख्य गतिविधियों की जानकारी दी गई। प्रेस वार्ता में चिकित्सा अधिकारी, डीपीएम, बीपीएम तथा प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वृद्धजन को उपकरण वितरित

**सीहोर।** राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत जनपद पंचायत सीहोर में 60 वर्ष एवं इससे अधिक के वृद्धजन को सहायक उपकरण का वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 100 वृद्धजनों को 156 सहायक उपकरण वितरित किए गए। सीहोर जनपद में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत 60 वर्ष एवं इससे अधिक के वृद्धजनों को सहायक उपकरण का वितरण किया गया। शिविर में सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक एवं एलिम्को उज्जैन के उप प्रबंधक श्री बी एल साकेत ने जिले के समस्त निकायों से आए वृद्धजन एवं दिव्यांग लाभ प्राप्त कर सके इसके लिए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

## मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के तहत नव दंपत्ति सम्मेलन



**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल में नव दंपत्ति सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में 15 नव विवाहित जोड़ों को नई पहल किट का वितरण किया गया। इसके साथ ही आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी दी कि मिशन परिवार विकास पखवाड़ा का आज समापन किया गया। नव दंपत्ति सम्मेलन में नव विवाहित जोड़ों को मिशन परिवार विकास से संबंधित जानकारी प्रदान की गई एवं नई पहल किट के तहत विवाह पंजीयन फॉर्म, सूचना पत्र, बधाई संदेश, ब्रांडिंग स्टीकर, सौंदर्य सामग्री, तौलिया सेट, कंघी, नेल कटर, बिंदी, रूमॉल, निश्चय किट, छाया टेबलेट, अस्थायी साधनों के पैकेट, ईसी पिल्स इत्यादि सामग्री दी गई। इस दौरान खुशहाल जीवन के लिए परिवार कल्याण कार्यक्रम की भूमिका पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

**मेट्रो एंकर** जल हठ अभियान को धरातल पर उतारने के लिए होगा काम

## मार्च से शुरू होगा प्रदेश में जल-हठ अभियान पंचायत स्तर के तालाबों का होगा जीर्णोद्धार

**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

जल संसाधन विभाग द्वारा जल संरक्षण, जल संवर्धन और वर्षा जल की उपयोगिता को बढ़ावा देने के लिए जल हठ अभियान की मार्च माह से शुरुआत की जाएगी। प्राकृतिक संतुलन और पर्यावरण संरक्षण के लिए जल संचयन के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। पंचायत स्तर पर स्थित 10 हेक्टेयर क्षेत्रफल से छोटे तालाबों में वर्षा का जल रोकने, जल भराव के क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त करने और उनके चारों ओर की मेढ़ को व्यवस्थित करने के लिए जन अभियान चलाया जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री के विधानसभा कक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने संयुक्त रूप से बैठक में प्रदेश की जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार और जल क्षमता को बढ़ाने के लिए चर्चा की। जल हठ अभियान को आंदोलन के रूप में चलाने के लिए जन भागीदारी के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। जल हठ अभियान को प्रभावी रूप से देने के लिए प्रथम चरण में प्रदेश के 200 से 250 तालाबों को उनके पुरातन स्वरूप में



लाया जायेगा। हमारी ऐतिहासिक विरासत में चोल, गोंड, संस्कृति में जल परिवहन और जल संरचनाओं को सबसे व्यवस्थित माना गया है जो आज भी हमारे लिए आदर्श है।यह बात मंत्री श्री सिलावट ने कही।

जल हठ अभियान को धरातल पर उतारने के लिए माइक्रो-प्लानिग के साथ काम किया जायेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग इसके लिए एक मॉडल विकसित करेगा, जिसमें मनरेगा से बजट का प्रावधान कर अभियान की शुरुआत की जाएगी। प्रदेश के सभी जिले के तालाबों को चिन्हित कर व्यवस्थित करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई जाएगी और बजट प्रावधान के साथ धरातल पर कार्य रूप में परिणित किया जाएगा। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश स्तर पर इसके लिए रणनीतिक रूप से एक मॉडल बनाया जाएगा और एबीसी ग्रेडिंग कर तालाबों के गहरीकरण, पेचिंग, बंधान और पौधारोपण के काम की शुरुआत की जाएगी।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि तालाबों पर अतिक्रमण को हटाने के लिए जिलों के राजस्व अमले को निर्देश किये जायेंगे। राजस्व विभाग द्वारा इन सभी तालाबों का सीमांकन किया जाएगा और जल भराव वाले क्षेत्रों को अंकित कर उनको अतिक्रमण मुक्त करने का कार्ययोजना वृहद रूप से किया जायेगा। बैठक में सहमति जताई कि प्रथम चरण में प्रदेश के 250 तालाबों की जल संवर्धन तथा जल संरक्षण कार्य योजना अनुसार 30 जून तक पूर्ण कर लिया जाये।




# रेत माफिया प्रशासन पर पड़ा भारी, अवैध रेत उत्खनन से वावना नदी का खतरे में अस्तित्व

## अधिकारियों और रेत माफिया में है गजब का गठजोड़ प्रशासन बना मूकदर्शक



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

ग्यारसपुर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले हैदरगढ़ क्षेत्र में रेत माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें किसी भी प्रशासनिक कार्यवाही का डर नहीं है,किसके संरक्षण और इसारे पर रेत उत्खनन का अवैध कारोबार चल रहा है। रेत के अवैध कारोबारियों पर खनिज विभाग क्यों नहीं करता कार्यवाही अपने अस्तित्व को बचाने के लिऐ जद्दोजहद करती जीवन दयानी वावना नदी। नदी का सीना चीर जगह-जगह से कर दी छ्लनी वावना नदी से हो रहे रेत के अवैध कारोबार को लेकर दैनिक समाचार पत्रों के द्वारा खबरें भी प्रकाशित की गई थी। लेकिन किसी भी अधिकारी ने उक्त खबर को गंभीरता से नहीं लिया ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि अधिकारियों की मिली भगत से रेत माफिया के हौसले बुलंद है। खनिज विभाग क्यों नहीं कर रेत माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई खनिज विभाग में बैठे हुऐ जिम्मेदार अधिकारीयों को किसका और किस बात का है डर गांधी छाप चश्मे के प्रभाव से जिम्मेदार अधिकारी प्रभावित तो नहीं हो रहे है।

# एक घंटे से अधिक चला गोपनीय मंथन, जिस में गूंजा नल जल योजना का भ्रष्टाचार

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।




क्षेत्र में नल जल योजना के नाम पर हुए भ्रष्टाचार को हमारी टीम ने ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर प्रमुखता से प्रकाशित कर जनता के सामने उजागर किया था जिसकी गूंज विधानसभा में भी सुनाई दी कुरवाई भाजपा विधायक हरि सिंह सप्रे ने विधानसभा सत्र के दौरान नल जल योजना के कार्यों की जानकारी मांगते हुए समय अवधि में कार्य पूर्ण करने की मांग की है यही नहीं भाजपा विधायक ने संपूर्ण विदिशा जिले में नल जल योजना का कार्य नियम अनुसार नहीं होने की बात भी कही है उक्त मामले के बाद हलचल तेज हो गई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात लगभग 9 बजे नगर से लगभग एक किलोमीटर दूर दो विभागीय अधिकारी व चार ठेकेदारों के बीच बैठक आयोजित की गई यह गोपनीय बैठक लगभग एक घंटे चलती रही अंदर खाने से मिली जानकारी के अनुसार दो अधिकारी व चार ठेकेदारों के बीच नल जल योजना के निर्माण कार्य एवं बजट पर भी चर्चा की गई बैठक में किस तरह इस मामले को दबाया जाए इस पर विशेष चर्चा की गई मुखबिर से मिली जानकारी अनुसार बैठक में तय हुआ कि सभी मिलकर एक करोड रुपए का बजट तैयार रखेंगे समय आने पर कहां भेजना है बता दिया जाएगा इस बजट को इकठ्ठा करने की जिम्मेदारी नल जल योजना का कार्य कर रहे ठेकेदारों को दी गई है। हालांकि हम बैठक की पुष्टि नहीं करते लेकिन क्षेत्र में नल जल योजना के कार्यों पर उच्च स्तरीय जांच की गई तो 50 करोड़ से अधिक का घोटाला ऊंजागर होगा क्योंकि केवल टांकी निर्माण ही नहीं बल्कि पाइपलाइन व नल कनेक्शन में भी बहुत बड़े घोटाले को अंजाम दिया गया है अब देखना बड़ा ही दिलचस्प होगा उक्त मामले मैं उच्च स्तरीय जांच होगी या फिर मामले को रफा-दफा कर दिया जाएगा।

### आज देशभर के लाखों दिव्यांगजनों को मोदी सरकार उपकरण देकर कर रही सम्मान

# यह हमारी धरोहर इनकी सेवा करना हमारा कर्तव्य: सांसद राजबहादुर सिंह





सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

एक दौर था जब दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल के लिए परेशान होना पड़ता था। लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में लाखों लाख दिव्यांग लोगों को वयोश्री योजना के तहत उपकरणों से लाभान्वित किया जा रहा है उक्त बात सागर सांसद राज बहादुर सिंह ने गुरुवार को चंद्र मोहन सभागार में आयोजित वयोश्री योजना के तहत आयोजित शिविर के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि आज देश में राष्ट्रवाद उदय हुआ है भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है धारा 370 को हटाने का साहसिक निर्णय यदि किसने लिया है तो वह नरेंद्र मोदी की सरकार है पुरानी सरकारों और वर्तमान की नरेंद्र मोदी सरकार में आप स्वयं तुलना करके देखिए आपको अंतर समझ आ जाएगा वही कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे में संबोधित करते हुए कहा कि आज घर में सगे बेटा बेटी बुजुर्ग दिव्यांग माता-पिता को उपकरण नहीं दिला रहे हैं लेकिन हमारी सरकारें जातिगत भेदभाव किए बगैर समभाव की दृष्टि से दिव्यांगों को उपकरण प्रदान कर रही है हमारी सरकारों के द्वारा जन्म से लेकर मृत्यु तक अनेकों ऐसी योजनाएं बनाई है जिनसे सभी परिवारों के लोग लाभान्वित हुए हैं। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं कन्या पूजन कर किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला पंचायत के उपाध्यक्ष दरयाव सिंह कुर्मी, जनपद की अध्यक्ष पुष्पा हमीर सिंह यादव, जनपद उपाध्यक्ष शशि शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश यादव, भागीदारी अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव, पार्षद सचिन शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चैधरी, जनपद सीईओ वंदना शर्मा, नगर पालिका सीएमओ रामप्रकाश साहू, सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।



### झूठे हैं नेताओं के भाषण ?

शिविर की सूचना मिलने पर अपनी मां को लेकर शिविर स्थल पहुंची ग्राम भटोली निवासी कविता 2 घंटे आश लगाए बैठी रही नेता मंच से भाषण देकर चलते बने लेकिन बेटी को निराश होकर बिना उपकरण लिए लौटना पड़ा दिव्यांग कविता ने बताया कि परिवार अंत्योदय श्रेणी में आता है मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण होता है नो वी क्लास तक पढ़ाई की है स्कूल आने-जाने के लिए साधन नहीं होने के कारण मजबूरी में पढ़ाई छोड़नी पड़ी सालों इंतजार के बाद आज मुझे उम्मीद थी की साइकिल मिलेगी और मैं अपनी पढ़ाई पुनः शुरू कर पाऊंगी लेकिन किसी ने नहीं सुनी ऐसा बोलते हुए बिटिया भावुक हो गई कविता की मां गुड्डी बाई ने बताया कि नेता मंच से भाषण दे रहे थे लेकिन यह सब झूठे हैं मेरी बेटी को साइकिल मिल जाती तो वह आगे की पढ़ाई कर सकती थी लेकिन यह सच है कि गरीबों की सुनने वाला कोई नहीं है कई बार पंचायत में बोला इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं है। समापन अवसर पर कविता ने कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे से आग्रह किया विधायक ने तत्काल एसडीएम को बुलाकर समाधान की बात कही जहां एसडीएम ने जनपद पंचायत में आने का बोलकर चलते बने।

दिव्यांग के भाई नीरज केवट ने बताया कि पंचायत में कई बार बोल चुके हैं आज भी ग्राम पंचायत सचिव को बोला तो उन्होंने बताया कि केवल दो नाम ही ऊपर से हमें मिले हैं अभी नहीं दे सकते अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर यह नाम कहां से आए है और एक अंतोदय परिवार की बेटी को 20 वर्षों से वंचित क्यों रखा गया है। आज भी ऐसे कई दिव्यांग है जिनको उपकरणों की आवश्यकता है पर उनको उपकरण नहीं मिल पा रहे हैं। क्योंकि जब भी उपकरण का वितरण होता है उस समय सही चयन जिम्मेदार कर्मचारियों के द्वारा नहीं किया जाता है। वहीं पक्षपात का रवैया लंबे समय से चला आ रहा है वहां आज भी चल रहा है।

### दिव्यांगों का जीवन सुखी हो यही मोदी सरकार का प्रयास - विधायक उमाकांत शर्मा

कुरवाई रोड स्थित चंद्रमोहन सभागार में आयोजित वयोश्री एवं आईआरफसी योजना अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़े विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि दिव्यांगों का जीवन सुखमय हो यही मोदी सरकार का और हमारा प्रयास है आज देश में दिव्यांगता बढ़ रही है इसका एक कारण प्राकृतिक है तो वहीं दूसरा कारण नशा करके गाड़ी चलाने से होने वाले एक्सीडेंट व केंसर जैसी बीमारियां है जिनसें लोग दिव्यांग हो जाते हैं इसको लेकर भी हमें विचार करने की आवश्यकता हैउन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से आव्हान करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने विकलांगों को दिव्यांग नाम दिया है हम सब भी दिव्यांगोंजनों का सम्मान करें और उनका यथासंभव सहयोग करें। प्रधानमंत्री जी के द्वारा यूएई संयुक्त अरब अमीरात में मंदिर का उद्घाटन कर सद्भावना का संदेश दिया है हमारी परंपरा प्राणी मात्र की भला करने की रही है हम सदैव वसुधैव कुटुंबकम की विचारधारा को मानने वाले रहे हैं। उन्होंने दिव्यांगजनों की सहायता के लिएप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक,सांसद राजबहादुर सिंह का धन्यवाद देते हुए जिले में सिरोंज लटेरी विधानसभा में सबसे अधिक हितग्राहियों को चयनित कर लाभान्वित करने के लिए जिला एवं स्थानीय प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया।

### बैट्री वाली ट्रायसाइकिल मिलने से खिले दिव्यांगों के चेहरे - अन्य जरूरी उपकरणों का भी मिला लाभ

दिव्यांगजनों को ट्रायसायकिल सहित अन्य आवश्यक उपकरण सामग्री वितरण समारोह में सिरोंज लटेरी एवं कुरवाई विधानसभा के करीब पाँच सौ हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। क्षेत्रीय सांसद एवं कुरवाई विधायक ने कार्यक्रम के उपरांत मंच के सामने बैठे दिव्यांगजनों के बीच पहुँचकर पुष्पवर्षा कर उनका सम्मान कर चयनित हितग्रहियों को सामग्री का वितरण किया। इस दौरान सिरोंज विधानसभा में जनपद से 242,नगरपालिका अंतर्गत 13 सहित कुल 255 हितग्राहियों एवं कुरवाई विधानसभा अंतर्गत 237 हितग्राहियों को विभिन्न उपकरण प्रदान किए गए। इनमें 11 दिव्यांगजन को बैट्री वाली ट्रायसायकल सहित 55 ट्राय सायकल, 110 व्हील चेयर, 90 हितग्राहियों को डिजिटल कान की मशीन सहित बैशाखी,फोल्डिंग छड़ी,कोहनी वाली छड़ी, स्मार्टफोन विथ स्क्रीन रीडिंग दांतो के सेट, चश्मा प्रमुख रूप से प्रदाय किए गए। महिलाओं को बांटे उज्जवल योजना के गैस चूल्हे पाकर हुई खुश - दिव्यांगजनों के कार्यक्रम में उज्ज्वला योजन के तहत पात्र हितग्राहियों को सांसद राज बहादुर सिंह कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा गैस चूल्हा प्रदान किया जिससे महिलाओं को खुशी देखने को मिली।

# चौराहे के चौड़ीकरण में रोड़ा बन रहा बिजली का खंबा



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

एसडीएम ने बासौदा नाके पर सड़क चैड़ीकरण का वह काम कर दिया जो काम आज तक कोई भी अधिकारी और जनप्रतिनिध नहीं करवा पाया वहां काम हो गया। बीच चैराहे पर खड़े बिजली के पोल को हटवाने का काम काम नहीं हो पा रहा है इस वजह से सड़क चैड़ीकरण होने का फायदा होते हुए दिखाई नहीं दे रहा है। बीच मार्ग पर बिजली का खम्मा लगा होने के कारण वाहल चालको आने-जाने में कठिनाई होती है सड़क तो दोनों तरफ काफी चैड़ी हो गई है एक तरफ कब्रिस्तान तो दूसरी तरफ शमशान घाट था जहां पर अतिक्रमण हटाकर एसडीएम हर्षल चैधरी ने और एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी ने खड़े होकर अतिक्रमण पर जेसीबी चलाकर उसको हटवा दिया इस वजह से दोनों तरफ सड़क काफी चैड़ी हो गई। जिस समय बिजली के पोलो को लगाने का काम सड़क पर किया गया था उस समय व्यवस्थित रूप से बिजली के पोल नहीं लगाएगा इस वजह से पूरे मार्ग पर बिजली के खंबे परेशानी का कारण बने हुए हैं ।सड़क चैड़ी होने के बाद भी वाहन चालक वाहन को चलते हुए दिखाई नहीं देते हैं क्योंकि खंभे परेशानी का कारण बने हुए। अब देखना है कि यह बिजली के खंबे इस सड़क और चैराहे से हटेंगे या नहीं या फिर इसी तरह बीच चैराहे पर खड़े बिजली के पोल किसी दिन दुर्घटना का कारण बनेगा शायद तभी खम्मा को हटाने के लिए काम किया जाएगा।

# इमलानी रोड का काम प्रारंभ होने से, वाहन चालकों ने ली राहत की सांस

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

शहर से लेकर इमलानी होते हुए बासौदा पहुंचने वाले मार्ग का निर्माण कार्य सिरोंज क्षेत्र से नहीं होने के कारण लंबे समय से दो दर्जन से अधिक ग्राम के लोगों को आने-जाने में प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जल्दी उनकी परेशानी दूर होने वाली है क्योंकि ठेकेदार ने निर्माण कार्य को यहां से भी प्रारंभ कर दिया है।

यह निर्माण कार्य बासौदा तरफ से तो काफी महीने पहले पूर्ण हो चुका है पर क्षेत्र के जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण यह निर्माण कार्य यहां से प्रारंभ नहीं होने से कई महीनो से वाहन चालकों को आने-जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा अब उनकी मुश्किल है जल्दी ही दूर होती हुई दिखाई दे रही है ।क्योंकि सड़क का निर्माण कार्य यहां से भी होने लगा है। इस मार्ग पर डामरीकरण हो जाएगा तो वाहन चालकों को आने-जाने में कठिनाई नहीं होगी पहले सड़क सकरी थी अब सड़क चैड़ी बन रही है । एमपी आरडीसी विभाग के द्वारा इसका निर्माण किया जा रहा है । पहले प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क का निर्माण हुआ था जो कई सालों से खस्ताहाल थी इस वजह से बड़े बहनों का यहां से जाना पूरी तरह से बंद हो गया था मजबूरी में ही किसान तथा दो पहिया वाहन बड़ी मुश्किल से आ जा रहे थे। कई वाहन चालक तो दूसरे रास्ते से जाते हैं । संतोष यादव ने बताया सड़क खराब होने के कारण कि आने-जाने में परेशानी होती है हम लोगों को दूसरे रास्तों से आना जाना पड़ता है , हम दूध बेचने आते हैं सड़क यदि पहले यहां से बनती तो हमें काफी फायदा होता हमारे बहनों में टूट भी नहीं होती सड़क बन जाएगी तो हमें आने-जाने में आसानी होगी।

**मेट्रो एंकर** | भ्रष्टाचार को लेकर सुर्खियों में ग्राम पंचायत अमारी

# कब होगी ग्राम पंचायत में किए गए भ्रष्टाचार की जांच, कार्यवाही करने से क्यों बच रहे अधिकारी!

### सरपंच सचिव के विरुद्ध कार्यवाही या फिर कार्यवाही के नाम पर कागजी खानापूति

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

जनपद पंचायत बासौदा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अमारी में किये गये भ्रष्टाचार की जांच कर कार्रवाई करने की जगह संबंधित अधिकारी घोड़े बेचकर सो रहे हैं। कई बार ग्रामीणों द्वारा शिकायतें भी गई। शिकायतकर्ताओं द्वारा परंतु गंभीरता पूर्वक नहीं लिया गया। भ्रष्टाचार में लिप्त सरपंच और प्रभारी सचिव जो कि रोजगार सहायक है। कार्यवाही करने के स्थान पर जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से भागते हुऐ नजर आ रहे हैं। विभिन्न मदों से कराये गये निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार किया गया है। ग्राम पंचायत में जो भ्रष्टाचार किया गया है उसे अकेला प्रभारी सचिव तो कर नहीं सकता और बिना मूल्यांकन के पास अहारण नहीं होता है। निर्माण कार्यों सबकी अपनी अहम भूमिका होती है,जब तक इंजीनियर मूल्यांकन करता तब तक सचिव सरपंच एक रुपये का अहारण नहीं कर सकते।

लेकिन ग्राम पंचायत में सरपंच सचिव द्वारा विभिन्न मदों से लाखों रुपये के और कराये गये। उक्त ग्राम पंचायत अमारी काफी सुर्खियों में रहा है। ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली भ्रष्टाचार में लिप्त होने के बाद भी कार्यवाही करने से क्यों कतरा रहे हैं अधिकारी, भ्रष्टाचार में लिप्त सरपंच सचिव को अधिकारियों द्वारा संरक्षण देना दर्शाता है।ग्राम पंचायत द्वारा बागरोदा में दो लाख रुपये लागत राशि और स्वीकृति 14-4-2023 है जिस का निर्माण सी सी रोड का निर्माण चंद्र मोहन के मकान से गोलू के मकान की ओर जो कि निजी भूमि में किया गया है, वहीं दूसरी तरफ कुआ की मरम्मत का कार्य गुलाब सेन के मकान के सामने किया गया है जिसकी 49500 रुपये 16-8-2023 लागत राशि और स्वीकृति है। कल्वर्ट पुलिया का निर्माण 198000 जिसकी स्वीकृति 14-4-2023 है और इसका निर्माण पंचायत भवन के पीछे किया गया है। इन सब कार्यों के अलावा और भी अन्य कार्य करायें गये। जिन में भी भ्रष्टाचार किया गया है। इन सभी कार्यों की निष्पक्षता से जांच कराई जा कर भ्रष्टाचार करने वालों और भ्रष्टाचार करने वालों को सरंक्षण देने वाले खिलाफ कार्रवाई की जाये। जो कि उन ग्रामीणों के साथ न्याय होगा जो कि भ्रष्टाचार के चलते प्रभावित हो रहे हैं।







# टेनिस स्टार राफेल नडाल ने कतर ओपन से वापस लिया नाम

## दोहा में 19 फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में करनी थी प्रतिस्पर्धा

**दोहा, एजेंसी**

पूर्व विश्व नंबर 1 टेनिस स्टार राफेल नडाल ने आगामी कतर ओपन से हटने का फैसला किया है। इसके साथ ही उन्होंने चोट के बाद अपने ब्रेक को और बढ़ा दिया है। दरअसल, 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नडाल को दोहा में 19 फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करनी थी। लेकिन, 37 वर्षीय नडाल ने कहा कि वह दोहा में नहीं खेल पाएंगे। अब वह वो लास वेगास में और महीने के अंत में इंडियन वेल्स में कार्लोस अल्काराज के खिलाफ फ्रेंडली मैच पर फोकस कर रहे हैं। स्पैनियार्ड ने एक्स पर लिखा कि मैं दोहा में खेलना पसंद करता, जहां टूर्नामेंट टीम के साथ-साथ अद्भुत कतर प्रशंसकों ने हमेशा मेरा बहुत समर्थन किया है। दुर्भाग्य से मैं प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार नहीं हूं और मैं दोहा नहीं आ पाऊंगा। अब मैं लास वेगास में प्रदर्शनी और इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के लिए तैयार रहने के लिए काम करते रहने पर ध्यान केंद्रित करूंगा।



### एक साल बाद जनवरी में की थी वापसी

बता दें कि चोट के कारण लगभग एक साल तक बाहर रहने के बाद नडाल ने अपनी लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी जनवरी में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल से की। वह क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए थे, लेकिन जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ मुकाबले के दौरान वह चोटिल हो गए। चोट के कारण ही नडाल को ग्रैंड स्लैम शुरू होने से एक सप्ताह पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटना पड़ा था।

### प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार नहीं हूं

स्पैनियार्ड ने एक्स पर लिखा,मैं दोहा में खेलना पसंद करूंगा, जहां टूर्नामेंट टीम के साथ-साथ अद्भुत कतर प्रशंसकों ने हमेशा मेरा बहुत समर्थन किया है। दुर्भाग्य से मैं प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार नहीं हूं और मैं दोहा नहीं आ पाऊंगा । मैं लास वेगास में प्रदर्शनी और इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के लिए तैयार रहने के लिए काम करते रहने पर ध्यान केंद्रित करूंगा। चोट के कारण लगभग एक साल तक बाहर रहने के बाद नडाल ने अपनी लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी जनवरी में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में की। वह क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए लेकिन जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ मुकाबले के दौरान वो चोटिल हो गए।

### राजकोट टेस्ट के दूसरे दिन लंच तक का हाल: जडेजा सेंचुरी लगाकर आउट

# भारत का स्कोर 7 विकेट पर 388 रन जुरेल व अश्विन की फिफ्टी पार्टनरशिप

**राजकोट, एजेंसी**

दूसरे दिन का पहला सेशन मिला-जुला रहा. भारतीय टीम ने 27 ओवर में 62 रन बनाए और दो विकेट गंवाए. भारत का स्कोर अब सात विकेट पर 388 रन है. दूसरे दिन रवींद्र जडेजा 112 और कुलदीप यादव 04 रन बनाकर आउट हुए. इसके बाद ध्रुव जुरेल और रविचंद्रन अश्विन ने 57 रनों की साझेदारी की. लंच से समय अश्विन 25 और जुरेल 31 रनों पर नाबाद लौटे. इंग्लैंड के लिए आज एक विकेट जो रूट ने और एक विकेट जेम्स एंडरसन ने लिया। भारत को 314 के स्कोर पर सरफराज के रूप में झटका लगा। बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे सरफराज रवींद्र जडेजा के शतक के चक्कर में रन आउट हो गए। दरअसल, जडेजा 99 के स्कोर पर थे। इसके बाद पारी के 82वें ओवर में एंडरसन की गेंद पर जडेजा ने मिड ऑन पर शॉट खेला। जडेजा ने सिंगल के लिए सरफराज को कॉल किया दो कदम आगे बढ़ाए लेकिन फिर वापस लौट गए। इतनी देर में सरफराज आधी पिच तक पहुंच चुके थे। ऐसे में उनके पास वापस लौटने का समय नहीं बचा। वुड ने डायरेक्ट थ्रो पर सरफराज को रन आउट किया।



### दूसरे दिन अच्छी शुरुआत

दूसरे दिन के खेल की शुरुआत हो चुकी है। भारतीय टीम ने पांच विकेट पर 326 रन बना लिए थे। इंग्लैंड की ओर से जो रूट ने पहले ओवर में गेंदबाजी की। वहीं, जडेजा 110 रन और कुलदीप तीन रन बनाकर क्रीज पर हैं। बता दें जब सरफराज बल्लेबाजी के लिए आए थे तो जडेजा 153 गेंद में 84 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। इसके बाद सरफराज ने 66 गेंद में नौ चौके और एक छक्के की मदद से 62 रन की पारी खेली, जबकि जडेजा को 16 रन बनाने में 45 गेंद लग गए। जडेजा ने 198 गेंद में टेस्ट करियर का चौथा शतक पूरा किया।

### खराब शुरुआत के बाद बना अच्छा स्कोर

भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही थी। 33 रन पर टीम इंडिया ने तीन विकेट गंवा दिए थे। यशस्वी जायसवाल 10 रन बनाकर आउट हुए, शुभमन गिल खाता नहीं खोल सके, जबकि रजत पाटीदार पांच रन बना सके। इसके बाद रोहित शर्मा और जडेजा ने 204 रन की साझेदारी निभाई। रोहित ने टेस्ट करियर का 11वां शतक लगाया। वह 131 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्होंने रोहित को आउट किया। राजकोट में तीसरे टेस्ट में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक अपनी पहली पारी में पांच विकेट गंवाकर 326 रन बना लिए थे। फिलहाल रवींद् जडेजा 110 रन और कुलदीप यादव एक रन बनाकर नाबाद हैं। इंग्लैंड के लिए अब तक मार्क वुड ने तीन विकेट लिए हैं, जबकि टॉम हार्टले को एक विकेट मिला। भारत और इंग्लैंड के बीच राजकोट में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला खेला जा रहा है। सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। आज मैच का दूसरा दिन है और भारतीय टीम पांच विकेट पर 326 रन से आगे खेलेगी।

### विराट कोहली से लेकर अश्विन तक जडेजा पहले भी रनआउट के चलते आ चुके हैं विवादों में, फैंस ने बताया 'सेल्फिश'

भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही पांच की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी की और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। लेकिन इस मैच के जरिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू कर रहे सरफराज खान का विकेट विवादों में आ गया और चर्चा का विषय बन गया। दरअसल अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा अपना शतक पूरा करने की कोशिश में सरफराज को रनआउट करा दिया। अपने पहले ही मैच में सरफराज ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 48 गेंद पर अर्धशतक ठोका। सरफराज जिस लय में बल्लेबाजी कर रहे थे ऐसा लग रहा था कि वे आज शतक लगाकर ही मानेंगे। हालांकि, ऐसा नहीं हो पाया। 82वें ओवर में जडेजा जब 99 के स्कोर पर थे तब एंडरसन की गेंद पर उन्होंने मिड ऑन पर शॉट खेला और रन के लिए कॉल किया। जडेजा के कॉल पर नॉन स्ट्राइकर एंड पर खड़े सरफराज क्रीज से बाहर आ गए। लेकिन तभी जडेजा ने रन लेने से इंकार कर दिया। सरफराज ने वापस क्रीज में जाने की कोशिश की लेकीन मिड ऑन पर खड़े मार्क वुड ने बिना कोई गलती किए सटीक थ्रो से स्टम्प बिखेर दिये। यह पहली बार नहीं है जब जडेजा ने ऐसा कुछ किया है। हैदराबाद में खेले गए इसी सीरीज के पहले मुकाबले में जडेजा ने रविचंद्रन अश्विन को रनआउट कराया था। जिसके बाद अश्विन जडेजा पर भड़क गए थे। पूरा वाकया भारत की पहली पारी के 91वें ओवर में हुआ।

### रोहित शर्मा कप्तान, उपकप्तान

# टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की कमान राहुल पर

#### इस बार भी संभालेंगे खिलाड़ियों की कोचिंग का जिम्मा



**नईदिल्ली, एजेंसी**

रोहित शर्मा होंगे टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के कप्तान, बीसीसीआई सचिव जय शाह का एलान

इस साल अमेरिका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की कमान रोहित शर्मा के हाथों में होगी. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने रोहित शर्मा को टी20 वर्ल्ड कप के लिए कप्तान घोषित किया है.

हार्दिक पांड्या टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के उपकप्तान होंगे, जबकि कोचिंग का जिम्मा राहुल द्रविड़ के पास ही रहेगा. जय शाह ने उम्मीद जताई है कि रोहित शर्मा की टीम टी20 वर्ल्ड कप जरूर जीतने में कामयाब होगी. जय शाह ने पिछले साल हुए वनडे वर्ल्ड कप में किए गए टीम इंडिया के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की है. हालांकि टीम इंडिया को वर्ल्ड कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा था. एक इंटरव्यू में जय शाह ने कंफर्म किया कि रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के कप्तान होंगे. जय शाह ने राजकोट में खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट से पहले कहा, भले ही हम 2023 वनडे वर्ल्ड कप का फाइनल मैच हार गए, लेकिन टीम इंडिया फैंस के दिल जीतने में कामयाब रही है. भारत ने लगातार 10 मैचों में जीत हासिल की. मुझे पूरा भरोसा है कि रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में जीत दर्ज करने में कामयाब होगी। टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का कप्तान कौन होगा, इस बात को लेकर अभी तक सवाल कायम था. 2022 के टी20 वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल में ही टीम इंडिया का सफर खत्म हो गया था. इसके बाद रोहित शर्मा के स्थान पर टीम की कमान हार्दिक पांड्या संभाल रहे थे. लेकिन जनवरी में 14 महीने बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली की टी20 टीम में वापसी हुई. रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए आखिरी टी20 मुकाबले में शतक भी जड़ा. इसके बाद से ही उम्मीद की जाने लगी कि इस साल टी20 वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा ही टीम इंडिया की कमान संभालेंगे।



## मेट्रो बाजार

# कच्चे तेल के दामों में बढ़ोतरी के बाद सरकार ने बढ़ाया विंडफॉल गेन टैक्स

**नईदिल्ली, एजेंसी**

कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बाद सरकार ने घरेलू क्रूड ऑयल पर विंडफॉल गेन टैक्स को बढ़ाने का फैसला किया है. आज से ये बढ़ोतरी लागू मानी जाएगी. सरकार ने क्रूड ऑयल पर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी को मौजूदा लेवल 3200 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 3300 रुपये प्रति टन बढ़ाने का फैसला किया है. डीजल पर एक्सपोर्ट टैक्स में बढ़ोतरी की गई है. हालांकि पेट्रोल और एटीएफ पर लगने वाले स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी में कोई बदलाव नहीं किया गया है. सरकार के द्वारा जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार ओएनजीसी जैसी सरकारी तेल कंपनियों को घरेलू उत्पादन होने वाले कच्चे तेल पर 3300 रुपये प्रति टन स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी के रुप में विंडफॉल गेन टैक्स का भुगतान करना होगा. हाल के दिनों में कच्चे तेल के दामों में आए बढ़ोतरी के बाद



सरकार ने ये फैसला लिया है. इसी महीने ने सरकार ने घरेलू कच्चे तेल के उत्पादन पर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी को 1700 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 3200 रुपये प्रति टन कर दिया था. कच्चे तेल की कीमतों के 75 डॉलर प्रति बैरल के पार जाने के बाद सरकार देश में होने वाले कच्चे तेल के उत्पादन पर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी के रुप में विंडफॉल गेन टैक्स लगाती है जिससे निर्यात से होने वाले ज्यादा कमाई पर सरकार ज्यादा टैक्स वसूल सके. डीजल पर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी को शून्य से बढ़ाकर 1.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है. एक्सपोर्ट किए जाने वाले डीजल पर सरकार ये टैक्स वसूलती है. पेट्रोल और हवाई ईंधन पर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी शून्य फिलहाल रहेगा. केंद्र सरकार ने 1 जुलाई, 2022 से पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स पर विंडफॉल टैक्स लगाने का फैसला किया था। घरेलू उत्पादन होने वाले कच्चे तेल से लेकर पेट्रोल डीजल, और एटीएफ पर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी के रुप में विंडफॉल गेन टैक्स वसूला जाता है।

# जोमैटो पर ब्रोकरेज हाउस हुए बुलिश, मौजूदा लेवल से स्टॉक दे सकता है 47फीसदी का रिटर्न

**मुंबई, एजेंसी।** वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में फूड डिलिवरी चेन कंपनी जोमैटो ने शानदार तिमाही पेश किए इसके बाद से ब्रोकरेज हाउस जोमैटो के स्टॉक पर बेहद बुलिश नजर आ रहे हैं. विदेशी ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए ने निवेशकों को 227 रुपये के टारगेट प्राइस के लिए जोमैटो के स्टॉक को खरीदने की सलाह दी है. गुरुवार 15 फरवरी 2024 को जोमैटो का शेयर 1.71 फीसदी के उछाल के साथ 154.85 रुपये पर क्लोज हुआ है। अक्टूबर - दिसंबर तिमाही के दौरान जोमैटो का मुनाफा 283 फीसदी के उछाल के साथ 138 करोड़ रुपये रहा है। जबकि बीते वित्त वर्ष के इसी तिमाही में कंपनी को 347 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था. इसके बाद सीएलएसए मे जोमैटो के शेयर का टारगेट प्राइस बढ़ाकर 227 रुपये कर दिया है जो कि मौजूदा प्राइस लेवल से 47 फीसदी ज्यादा है. सीएलएसए ही नहीं जेफ्फरीज ने स्टॉक का टारगेट प्राइस बढ़ाकर 205 रुपये कर दिया है जो कि मौजूदा लेवल से 32 फीसदी ज्यादा है. एचएसबीसी ने 163 रुपये स्टॉक का टारगेट प्राइस दिया है. कंपनी का ऑनलाइन ग्रॉसरी स्टोर ब्लिकिंट का प्रदर्शन भी बेहद शानदार रहा है. जोमैटो के स्टॉक ने अपने एक साल के निचले प्राइस लेवल से निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है. अपने आईपीओ प्राइस 76 रुपये से स्टॉक 40.60 रुपये तक नीचे जा फिसला था. एक साल पुराने लो 49 रुपये से स्टॉक ने निवेशकों को 216 फीसदी का रिटर्न दिया है।




## मनोरंजन बॉलीवुड का कोना

# ढोल नाइट पर फैमिली के साथ जैकी के घर पहुंची रकुल प्रीत



जैकी भगनानी और रकुल प्रीत सिंह की शादी का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. ये कपल अपने रिलेशनशिन के बारे में अक्सर सोशल मीडिया पर बात करता नजर आता था. अब रकुल और जैकी 21 फरवरी को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और शादी के फंक्शन भी शुरू हो गए हैं. जैकी और रकुल गोवा में शादी करने वाले हैं. गोवा जाने से पहले मुंबई में इनकी शादी के फंक्शन शुरू हो चुके हैं. जैकी के साथ 15 फरवरी को ढोल नाइट रखी गई थी जहां रकुल अपनी फैमिली के साथ पहुंची थी. रकुल और जैकी की शादी में अब कुछ दिन ही बचे हैं और फंक्शन शुरू हो चुके हैं. इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक ढोल नाइट के साथ शादी के फंक्शन की शुरुआत की गई है. रकुल की अपनी फैमिली के साथ जाते हुए वीडियो वायरल हो रही है.

### फैमिली के साथ पहुंची रकुल

वायरल हो रहे वीडियो में रकुल अपने पेरेंट्स और भाई के साथ कार में नजर आ रही हैं. रकुल और उनकी मां कार में पीछे बैठे हैं और भाई-पापा आगे बैठे हुए हैं. रकुल की कार के पीछे और भी कारें आ रही हैं जिसमें बाकी रिश्तेदार भी हैं.

### साउथ गोवा में होगी शादी

जैकी और रकुल 21 फरवरी को साउथ गोवा के एक लग्जरी होटल में शादी करने वाले हैं. जैकी और रकुल ने गोवा में शादी करने का फैसला लिया क्योंकि ये जगह उनके लिए खास है. उनके रोमांस की शुरुआत इसी शहर से हुई थी.

### विदेश में करने वाले थे शादी

पहले रकुल और जैकी विदेश में शादी करने वाले थे. आखिरी मौके पर उन्होंने इंडिया में शादी करने का फैसला लिया था. छह महीने से तैयारियां हो रही थीं कि दोनों मिडिल ईस्ट में शादी करेंगे लेकिन दिसंबर में जब पीएम मोदी ने रकुल और जैकी को कॉल करके इंडिया में ही शादी करने की सलाह दी तो उन्होंने मान लिया और अब ये शादी इंडिया में हो रही है. कपल अपनी शादी के फंक्शन में किसी एक डिजाइनर के नहीं बल्कि कई डिजाइनर्स के आउटफिट पहनने वाला है. इसमें तरुण तहलानी, शांतनु और निखिल, फाल्गुनी शेन पिकॉर, कुणाल रावल और अर्पिता मेहता शामिल हैं।

# मंगेतर संग रोमांटिक हुई एक्ट्रेस, फोटो देख यूजर्स बोले- क्या आप प्रेग्नेंट हैं?



एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल जल्द शादी के बंधन में बंधेंगी. वो 20 फरवरी को मंगेतर अपूर्वा मेहता संग शादी करने जा रही हैं. दिव्या शादी की तैयारियों में जोरों-शोरों से लगीं हैं. इसी बीच उन्होंने वैलेंटाइन डे पर अपूर्वा संग रोमांटिक फोटोज शेयर कीं. फोटोज के बाद से सोशल मीडिया पर उनकी प्रेग्नेंसी को लेकर अफवाह उड़ने लगी. दरअसल, फोटोज में दिव्या ब्लैक कलर के गाउन में दिख रही हैं और अपूर्वा व्हाइट कलर की शर्ट पहने नजर आ रहे हैं. दिव्या सोफे की साइड पर बैठकर अपूर्वा को गले लगाते हुए पोज दे रही हैं. जिसमें उनका हल्का सा टमी दिख रहा है. इन फोटोज को देखकर यूजर्स लगातार पूछ रहे हैं कि क्या दिव्या प्रेग्नेंट हैं? एक यूजर ने लिखा- बंप तो अभी से नजर आ रहा है. अब दिव्या प्रेग्नेंट हैं या नहीं इसे लेकर एक्ट्रेस ने अभी तक कुछ भी रिएक्ट नहीं किया है. इन फोटोज को शेयर करते हुए दिव्या ने लिखा- हमारे लिए हर दिन वैलेंटाइन है और फरवरी का महीना हमारे लिए बहुत खास है. 20 फरवरी को हम हमेशा के लिए पत्नी और पत्नी बन जाएंगे. दिव्या अग्रवाल की लव लाइफ की बात करें तो उनका लंबे समय तक एक्टर वरुण सूद के साथ अफेयर था. दोनों की जोड़ी को फैंस खूब पसंद करते थे. जब दिव्या बिग बॉस ओटीटी में थी तब वरुण ने उनका काफी सपोर्ट किया था. हालांकि, फिर अचानक से दिव्या ने अपूर्वा संग सगाई करके सभी को चौंका दिया था. दिव्या को इस वजह से काफी ट्रोलिंग भी झेलनी पड़ी थी. यूजर्स ने वरुण का सपोर्ट किया था।



# रणबीर को देख भावनाएं नहीं रोक पाए जीतेंद्र, गाल पर किस और गले लगाया

रणबीर कपूर और जीतेंद्र ने हाल ही में एक इवेंट अटेंड किया और वहां से उनका एक वीडियो सामने आया है। दोनों को एक-दूसरे से गले मिलते देखा जा सकता है। पिता समान जीतेंद्र को देखकर ऐसा लग रहा है जैसे वो रणबीर को देख अपनी खुशी नहीं रोक पा रहे हैं। देखिए वायरल वीडियो। हाल ही में एक इवेंट के दौरान, कई बॉलीवुड हस्तियां एक छत के नीचे एकट्ठा हुईं। जहां बॉलीवुड के दिग्गजों ने इवेंट में अपने स्टाइल से ध्यान धींचा, वहीं रणबीर कपूर और जीतेंद्र की दोस्ती ने सबकी नजर उनकी तरफ ही कर दीं। जैसे ही वे बाहर निकले, रणबीर, जीतेंद्र का हाथ पकड़कर उनके साथ चलते दिखे। यह साफ था कि अनुभवी एक्टर को रणबीर से बहुत लगाव है। यहां तक कि जीतेंद्र ने रणबीर को कसकर गले भी लगाया और गाल पर किस किया। उन्होंने हाथ पकड़कर कुछ देर बातचीत की और फोटोग्राफरों ने इस पल को कैद कर लिया। जहां दिग्गज स्टार जितेंद्र काले सूट में हमेशा की तरह डैशिंग लग रहे थे, वहीं रणबीर काले बंदगला में बेहद हैंडसम लग रहे थे। इवेंट की तस्वीरें और वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। जीतेंद्र के स्टाइल स्टेटमेंट और डांस ने उन्हें बॉलीवुड के जंपिंग जैक का खिताब दिलाया। वर्कफ्रंट पर, उन्होंने 2020 में 'बारिश' नाम की एएलटी बालाजी वेब सीरीज के साथ ओटीटी पर अपनी शुरुआत की। इसमें आशा नेगी और शरमन जोशी भी थे। उन्हें आखिरी बार 2021 में वूट की वेब सीरीज़ 'अपहरण सीज़न 2' में देखा गया था।

# पत्नी को वीडियो कॉल कर कहा तीन तलाक

## शादी के छह साल बाद भी पति और ससुराल पक्ष के लोग कर रहे थे प्रताड़ित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ईंटखेड़ी पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना समेत तीन मुस्लिम विवाह संरक्षण अधिनियम का मामला दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से प्रताड़ित होकर वह अपने मायके में रह रही थी। इस दौरान पति ने उसे वीडियो कॉल किया और तीन तलाक कहकर संबंध विच्छेद कर दिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




थाना प्रभारी दुर्जन सिंह ने बताया कि गांव अचारपुरा निवासी 25 साल की बबली का मुस्लिम रीति रिवाज से करीब छह साल पहले सीहोर निवासी इरफान से निकाह हुआ था। निकाह के बाद वह पति और ससुराल पक्ष के साथ सीहोर में रह रही थी। बबली और इरफान का पांच साल का बच्चा भी है। पति इरफान मजदूरी करता है। पीड़िता ने बताया कि शादी के बाद से ही पति इरफान समेत ससुराल पक्ष से फिराज बी, अरबिना, बेबी, हसीन मियां और मुकीम मियां उसे दहेज लाने के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। मांग पूरी नहीं करने पर वह वह पीड़िता से मारपीट करते थे। पति और ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से दुखी होकर वह अचारपुरा स्थित अपने मायके में बच्चे के साथ रह रही थी। अभी कुछ दिन पहले पति ने वीडियो कॉल किया और वीडियो कॉल पर तीन तलाक कहकर उससे संबंध विच्छेद कर दिए। पीड़िता को पता चला कि इरफान ने दूसरा निकाह भी कर लिया है तो उसने पुलिस को शिकायत की।

# टॉयलेट क्लीनर पीकर युवक ने दे दी जान



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित न्यू शिव नगर हनुमान मंदिर के पास रहने वाले युवक ने टायलेट क्लीनर पी लिया। टायलेट क्लीनर पीने से पहले उसने डायल 100 पर कॉल कर कहा था कि वह टायलेट क्लीनर पी रहा है। डायल 100 उसके घर पहुंची तो वह टायलेट क्लीनर पी चुका था। उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां इलाज के दौरान गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। एएसआई रामराज बघेल ने बताया कि रमेश भारती पिता बद्रीलाल भारती (40) न्यू शिव नगर, हनुमान मंदिर के पास, आनंद नगर में रहताड़था। वह शराब पीने का आदी था। बुधवार रात करीब पौने 9 बजे उसे डायल 100 को कॉल किया और कहा कि मैं जहर पी रहा हूं। डायल 100 तत्काल मौके पर पहुंची तो पता चला कि उसने टायलेट क्लीनर पी लिया है। पुलिस उसकी बहन ललिता के साथ उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची, वहां रमेश को भर्ती कर लिया गया। उसका इलाज चल रहाड़था। इस दौरान गुरुवार सुबह तबीयत बिगड़ी और रमेश की मौत हो गई।

## पिता और रिश्तदारों के पुलिस ले चुकी बयान, लेकिन नहीं लगा हत्यारे का सुराग

# हत्यारा कौन? रहस्य बरकरार, बेटे को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित शबरी नगर मल्टी में महिला की हत्या करने वाले हत्यारे का अब तक सुराग नहीं लगा है। पुलिस को मृतिका के बेटे की भूमिका संदिग्ध लग रही है। पुलिस उससे लगातार पूछताछ कर रही है, लेकिन हत्या का खुलासा पुलिस अभी तक नहीं कर सकी है। पुलिस का कहना है कि महिला से मारपीट की गई है और उसके सिर पर कोई भारी वस्तु पटककर उसकी हत्या की गई है। मारपीट के समय महिला ने हत्यारे से संघर्ष भी किया है। कमरे की दीवार पर महिला के हाथ के निशान में मिले है। खून से सने यह निशान इस ओर इशारा कर रहे है कि हत्यारे को भी थोड़ी चोट जरूर आई होगी। हैरानी की बात तो यह है कि मल्टी में किसी को भनक भी नहीं लगी और हत्यारे ने हत्या को अंजाम दे दिया।**

उल्लेखनीय है कि शबरी नगर मल्टी निवासी 42 वर्षीय नंदा मौरे पति सुनील मौरे दूसरों के घरों में घरेलू काम करती थीं। पति सुनील दुर्ग, छत्तीसगढ़ में महिला बाल विभाग में पदस्थ अपनी मां के पास गए हुए हैं। घर में नंदा के साथ बेटा रौनक था। बुधवार रात करीब 11 बजे रौनक दोस्त की पार्टी में चला गया। गुरुवार सुबह छह बजे रौनक घर पहुंचा। उसने पुलिस को बताया कि उसे घर का दरवाजा खुला मिला। अंदर कमरे में पहुंचा तो मां खून से लतपथ पड़ी हुई थी। तुरंत ही वह मां को पड़ोसियों की मदद से अस्पताल लेकर गया। डॉक्टर ने चेक करते ही मृत घोषित कर दिया।



### पुलिस को बिना सूचना दिए शव ले आया

रौनक ने पुलिस को मां के घर में खून से लतपथ पड़ी होने की सूचना नहीं दी। वह सीधे अस्पताल ले गया। डेथ घोषित होने के बाद शव को घर ले आया। बाद में रिश्तेदारों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा।

### नंदा ने संघर्ष किया, दीवार में फाइट के निशान

नंदा के चेहरे, सिर में चोट लगी मिली है। गले में भी चोट हैं। पुलिस का मानना है कि कातिल से बचने के लिए नंदा ने काफी फाइट किया है। यही वजह रही कि खून से सने उनके पंजे के निशान घर दीवार में हैं। कातिल ने नंदा को मारने से पहले उनके साथ मारपीट की है। बाद में उनपर किसी वजनी हथियार से हमला किया गया है।

### खर्च के लिए मां से होती थी कहासुनी

नंदा के एक बेटा रौनक है। बेटी की शादी हो चुकी है। नंदा के पति भी कोई काम नहीं करते। बेटा रौनक भी कभी-कभी कैटर्स के पास काम करने चला जाता है। नंदा के भाई मनीष ने बताया कि बहन का कभी-कभी भांजे रौनक से खर्च मांगने को लेकर कहासुनी हो जाती थी। रौनक घटना की रात मां के साथ अकेला था।



# सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग महिला की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**




अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित वैभव होम्स में 65 साल की महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका 26 जनवरी को एक्सीडेंट हुआ था। परिजन उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां से छुट्टी कराकर भी ले आए थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार सकुंतला बड़ोने पति स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण बड़ोने (65) वैभव होम्स अयोध्या नगर में रहती थी। गत 26 जनवरी को वह सड़क हादसे में घायल हो गई थी। उनके बेटे ललित बड़ोने ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां इलाज के बाद 14 फरवरी को वह मां को घर ले आया। कल गुरुवार 15 फरवरी की शाम करीब 5 बजे मां की तबीयत बिगड़ी और ललित उन्हें लेकर एम्स पहुंचा। एम्स में डॉक्टर ने सकुंतला को मृत घोषित कर दिया।

## मुखबिर के बताए हुलिए पर पुलिस ने की संदिग्धों की तलाश

# बैतूल से आकर भोपाल में फरारी काट रहे दो बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अरेरा हिल्स पुलिस ने बैतूल से फरारी काटने भोपाल आए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अग्रिम कार्रवाई के लिए बैतूल कोतवाली पुलिस को सौंपा गया है। पुलिस के अनुसार बुधवार देर रात इलाके में पुलिस गश्त कर रही थी। इस दौरान सूचना मिली कि थाना कोतवाली, जिला बैतूल के अपराध में फरार आरोपी चेन्टा व फैजल भीम नगर में दरगाह के पास घूम रहे हैं। मुखबिर के बताए अनुसार पुलिस ने हुलिए के आधार पर दोनों संदिग्धों की तलाश की। पुलिस को देखकर आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन वह भागने में असफल रहे। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए संदेहियों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान चेन्टा उर्फ शोहराब हुसैन पिता जाकिर हुसैन (32) अकबर किराना स्टोर के पास आजाद वार्ड, कोठी बाजार बैतूल और शेख फैजल (19) देशबंधु वार्ड टीकरी, जिला बैतूल के रूप में की गई।



# पुलिस ने भटके बच्चे को किया परिजन के सुपुर्द

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अवधपुरी पुलिस ने घर से भटके 6 साल के मासूम को सकुशल बरामद कर परिजन के सुपूर्द कर दिया। पुलिस ने परिजन को बच्चे की देखरेख करने की समझाइश दी है। पुलिस के अनुसार इंडस टाउन प्रज्ञा परिसर अवधपुरी से सूचना मिली कि 6 साल का बच्चा परिजन से बिछड़ गया और और रो रहा है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बच्चे से पूछताछ की गई, लेकिन बच्चा ठीक से कुछ बता नहीं रहा था। पुलिस की टीम उसे अवधपुरी इलाके में लेकर घूमती रही और लोगों से पूछताछ कर रही। इसी बीच परिजन का सुराग लगा और बच्चे को परिजन के सुपूर्द कर दिया गया। इसी प्रकार बुधवार को सूचना मिली कि ऋषिपुरम फेस-1 अवधपुरी में रहने वाली महिला निजी अस्पताल में नौकरी करती है। रोज सुबह वह अपने काम पर चली जाती है। इस दौरान उनकी दोनों बेटियां क्रमश- 13 वर्ष तथा 16 वर्ष की घर पर रहती हैं। बुधवार दोपहर करीब दो बजे वह घर लौटी तो उनकी बड़ी बेटी रहस्यमय तरीके से लापता हो गई है। उसकी तलाश करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल रहा है। पुलिस ने नाबालिग का हुलिया परिचितों और अन्य थानों में भेजा। इसी बीच सूचना मिली कि नाबालिग विजय मार्केट बरखेड़ा में नजर आई। पुलिस की टीम तत्काल विजय मार्केट पहुंची और वहां से बच्ची को सकुशल बरामद करते हुए परिजन के सुपूर्द किया।

# सिलेंडर लीक से भड़की आग, महिला व भतीजा झुलसे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी के गौतम नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को रसोई गैस सिलेंडर लीक होने से भड़की आग की वजह से एक महिला और उसका भतीजा मामूली रूप से झुलस गए। उन दोनों को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद इनकी छुट्टी कर दी गई। गनीमत रही कि आग पर जल्दी ही काबू पा लिया गया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के अनुसार राजगढ़ कालोनी में गणेश मंदिर के पीछे अब्दुल खान का मकान है। बुधवार शाम छह बजे उनकी पत्नी नाज सायरा किचन में खाना पका रही थी। उसी समय अचानक सिलेंडर से गैस लीक होने लगी और आग लग गई। जिससे उनका हाथ और बाल आंशिक रूप से झुलस गए। यह देखकर उनका भतीजा अल्फाज दौड़कर किचन में पहुंचा और आग को बुझाने के लिए पानी डालने लगा। इससे आग तो नहीं बुझी, लेकिन इस कोशिश में वह भी थोड़ा झुलस गया। उनकी चीख-पुकार सुनकर मौके पर पड़ोसी भी आ गए। उन्होंने मिट्टी और रेत डालकर किसी तरह सिलेंडर में लगी आग को बुझाया। थोड़ी देर में दमकल भी मौके पर पहुंच गई, लेकिन तब तक आग पर काबू पा लिया गया था।



**मेट्रो एंकर** पुलिस को तालाब से कुछ दूरी पर मिला मोबाइल, परिजन को दी सूचना

# युवक ने छोटे तालाब में कूदकर दी जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित छोटे तालाब में गुरुवार शाम एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस को तालाब से कुछ दूरी पर एक मोबाइल मिला था। मोबाइल में मिले नंबर से संपर्क करने पर मृतक की पहचान कर ली गई। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा।**

पुलिस के अनुसार गुरुवार रात करीब 8 बजे के आसपास सूचना मिली थी कि किसी युवक ने छोटे तालाब में छलांग लगा दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो तालाब के पास सीढ़ियों पर एक मोबाइल मिला। मोबाइल मृतक का था और उसमें मिले नंबर पर कॉल किया गया तो मृतक की पहचान रूपेश मोरे पिता दिलीप मोरे (18) मकान नंबर 1, ए सेक्टर पुराना गोविंदपुरा के रूप में कर ली गई। मृतक के परिजन को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। आज पीएम के बाद परिजन से पूछताछ की जाएगी। सुसाइड नोट नहीं मिलने से फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022